


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 230 | ग्वालियर, शनिवार, 10 जून 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### क्या 2000 के बाद अब 500 के नोट भी होंगे वापस?




**नई दिल्ली।** देश के केंद्रीय बैंक आरबीआई ने पिछले दिनों 2000 रुपए के नोट वापस लेने का फैसला लिया था. आरबीआई ने लोगों को नोट बदलने के लिए 23 मई से 30 सिंतबर यानी चार महीने का समय दिया था. इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 500 के नोट को भी बंद किए जाने की खबरें भी खूब उड़ रही हैं. लोगों को आशंका है कि आरबीआई जल्द ही 500 के नोट के चलन से बाहर करने का फैसला ले सकता है. इसके साथ ही 2000 रुपए के नोट की जगह 1000 रुपए का नया नोट जारी किया जाएगा. इन सब अटकलों को लेकर जब आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास से पूछा गया तो जानें उन्होंने क्या जवाब दिया. दरअसल, मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास से जब यह पूछा गया कि क्या 2000 रुपए के नोट को बंद करने के बाद अब 500 रुपए के नोट को भी चलन से बाहर किया जाएगा तो इस पर उन्होंने इसकी कोई जानकारी न होने की बात कही. शक्तिकांत दास ने कहा कि ऐसी कोई जानकारी उनके पास नहीं है. 2000 के नोट की जगह 1000 रुपए का नया नोट जारी करने के सवाल पर भी उन्होंने कुछ ऐसा ही जवाब दिया. इस दौरान आरबीआई गवर्नर ने यह भी साफ कर दिया कि इस तरह की अभी कोई योजना नहीं है. उन्होंने कहा कि इस तरह की कई अफवाहें सुनने में आई हैं, लेकिन लोगों को उन पर ध्यान नहीं देना चाहिए.

### दिल्ली-एनसीआर में अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के अधिकांश इलाकों में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है. सुबह से सूर्य देव की उपस्थिति के साथ पड़ने वाली चिलचिलाती धूप लोगों का पसीना निकाल रही है. आलम यह है कि गर्मी से बचाव के लिए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलने में भी परहेज कर रहे हैं, जिसकी वजह से दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आने लगा है. गर्मी की वजह से लोगों को इस समय बारिश का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन मानसून भी इस बार थोड़ा विलंब से है. सात दिन की देरी के साथ मानसून कल यानी 8 जून को केरल पहुंचा है. जबकि इसका केरल में पहुंचने का सामान्य समय 1 जून है. ऐसे में लोगों को मानसूनी बारिश का और इंतजार करना पड़ सकता है. हालांकि भयंकर गर्मी के बीच मौसम विभाग आज थोड़ी राहत पहुंचाने वाली खबर लेकर आया है. मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में आज यानी शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना है. हालांकि इससे गर्मी से थोड़ी ही राहत मिल पाएगी. भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में आज मैग्जीमम टेंपरेचर 41 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है. देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की बात करें तो यूपी में मौसम साफ और शुष्क रहेगा. जबकि अलग-अलग इलाकों में लू चलने की संभावना है. इसके साथ पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों ( त्रिपुरा, मिजोरम और मणिपुर ) में भारी बारिश की संभावना जताई गई है. मानसून की बात करें तो मौसम विभाग ने बताया कि केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण तमिलनाडु के ज्यादातर हिस्सों में पहुंच चुका है. पश्चिम मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात, कोंकण और गोवा, आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तेलंगाना, कर्नाटक, लक्षद्वीप, केरल और माहे, असम, मेघालय और तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, उत्तराखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश.

### पीएम मोदी ने सऊदी प्रिंस से की बात

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पीएम से फोन पर बात की है. दोनों देश को नेताओं ने आपसी सहयोग सहित विश्व के कई मुद्दों पर बात हुई है. इस संबंध में पीएम ऑफिस की ओर से जानकारी दी गई है. इस बातचीत के दौरान के पीएम मोदी ने सूडान से भारतीयों को निकालने में सऊदी सरकार के मदद का धन्यवाद किया है और इस साल होने वाले हज यात्रा के लिए शुभकानाएं भी दी है. प्रधानमंत्री ऑफिस की ओर से इस संबंध में जानकारी दी गई है. पीएम ऑफिस ने बताया की पीएम मोदी ने सऊदी प्रिंस बिन सलमान से बात की है. टोलीफोन पर बातचीत के दौरान ने प्रिंस सलमान ने भारत की अध्यक्षता में हो रहे त20 मीटिंग के लिए अपना पूरा सहयोग देने की बात की और जी20 की बैठक के लिए भारत के दौरे के लिए काफी उत्साह दिखाया है. वहीं दूसरी और पीएम मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ट्रांजिट की सुविधा देने के लिए धन्यवाद दिया है. पीएम ने इसके साथ ही इस होने वाले हज यात्रा के लिए भी प्रिंस सलमान को शुभकामनाएं दी है. टेलिफोन से बात के दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग और व्यापारिक रिश्ते बढ़ाने के मुद्दे पर भी बात की. अप्रैल 2023 में अफ्रीकी देश सूडान से भारतीय को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी चलाया था. भारत ने लगभग 2 से 3 हजार लोगों को भारत वापस लाया था. इस वतन वापसी के दौरान सऊदी अरब ने जेद्दा शहर को ट्रांजिट के रूप में उपयोग करने की मंजूरी दी थी. ये सारी प्रक्रिया विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन के देखरेख में हुआ था. विदेश राज्य मंत्री दुबई में ही बैठे थे और ऑपरेशन की जानकारी ले रहे थे. भारत इस साल जी20 बैठक की अध्यक्षता कर रहा है.

# लखनऊ कोर्ट शूटआउट: लापरवाही के आरोप में छह पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ।** गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा की कोर्ट परिसर में गोली मारकर हत्या करने के मामले में लखनऊ की एक अदालत के मेन गेट पर तैनात छह पुलिसकर्मियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (कानून व्यवस्था) उपेंद्र अग्रवाल ने पुष्टि की कि शुरूआती जांच में लापरवाही सामने आने के बाद छह कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया गया था। अग्रवाल ने कहा, पुलिसकर्मी अदालत परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों की तलाशी लेने में लापरवाही बरतने के आरोपी है। निलंबित होने



वालों में हेड कांस्टेबल सुनील दुबे, मोहम्मद खालिद, अनिल सिंह, सुनील श्रीवास्तव और कांस्टेबल धर्मेंद्र और निधि देवी हैं। हमलावर विजय यादव ने तमंचा लेकर कोर्ट परिसर में प्रवेश किया था और कोर्ट रूम में ही वारदात को अंजाम दिया था। उत्तर प्रदेश पुलिस की एक विज्ञप्ति में कहा गया, पुराने उच्च न्यायालय परिसर (अब लखनऊ जिला अदालत परिसर का हिस्सा) में मेन गेट पर सही जांच और तलाशी नहीं होने के चलते संजीव माहेश्वरी जीवा की हत्या कर दी गई और कुछ अन्य घायल हो गए।

## आगरा में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

**आगरा।** आगरा जिले के झोरियानपुरा इलाके में एक बुजुर्ग दंपति ने अपने आवास के बाहर आत्महत्या कर ली। घटना पिनाहट थाना क्षेत्र के माजरा हेरोन गांव की है। पुलिस के अनुसार, 60 वर्षीय निहाल सिंह और 56 वर्षीय उनकी पत्नी विमला देवी के शव गुरुवार को उनके घर से लगभग दो सौ मीटर दूर एक पेड़ से लटके पाए गए थे। निहाल सिंह के रिश्तेदार पारस सिंह ने बताया कि दंपति के दो बेटे हैं, जो मुंबई में मिठाई की दुकान चलाते हैं और उनकी पत्नियां बुजुर्ग दंपति के साथ रह रही हैं। उन्होंने कहा, उनके पास किसी के साथ कोई स्पष्ट मुद्दा नहीं था। सभी हैरान हैं कि उन्होंने आत्महत्या क्यों की। उनके बेटों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। पिनाहट पुलिस स्टेशन के एसएचओ नीरज पंवार ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि दंपति का किसी के साथ कोई विवाद हो सकता है, जिसके कारण उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का फैसला लिया।

## यूपी के खुर्जा में ट्यूबवेल में नहाने पर दलित परिवार की पिटाई

**बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा शहर में एक ट्यूबवेल के जलाशय में नहाने पर सवर्णों ने दो नाबालिगों व एक पूर्व ग्राम प्रधान सहित दलित परिवार के चार सदस्यों की पिटाई कर दी। पूर्व ग्राम प्रधान, मलखान सिंह ने बताया कि उनका परिवार गुरुवार को एक नलकूप के जलाशय में स्नान कर रहा था। इसी बीच उसी गांव के 20-25 वर्ष की आयु के उच्च जाति के 8-10 लोगों का समूह आया और उन पर हमला कर दिया।

सिंह ने कहा, जब कुछ युवक जलाशय के पास पहुंचे, तो हम नहा रहे थे। जब बच्चे खेलते-खेलते जलाशय के किनारे पहुंचे, तो उन्होंने हमें धमकी दी कि हम उनके पास न नहाएं. जब हमने विरोध किया तो बहस छिड़ गई और उन्होंने और आदमियों को बुला लिया और हमें लाठियों से पीटा। उन्होंने कहा, हमले में महिलाओं और बच्चों सहित मेरे परिवार के लगभग पांच से सात सदस्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बुलंदशहर, श्लोक कुमार ने कहा, पुलिस को सूचित किया गया है कि उच्च जाति के लोगों के एक समूह ने दलित समुदाय के लोगों की पिटाई की। एसएसपी ने कहा, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बीएसएफ ने पंजाब सीमा के पास पाक ड्रोन से गिराई गई 5 किलो हेरोइन बरामद की

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को पंजाब के अमृतसर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक ड्रोन द्वारा गिराए गए 5 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ को जब्त किया। बीएसएफ ने कहा कि तैनात बीएसएफ कर्मियों ने राय गांव के पास ड्रोन और खेतों में कुछ गिराए जाने की आवाज सुनी। तलाशी लेने पर 5.260 किलोग्राम हेरोइन का एक बड़ा पैकेट बरामद हुआ।

## नवंबर से राम मंदिर के लिए विदेशी चंदे की संभावना

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर परिसर के निर्माण की निगरानी कर रहे मंदिर ट्रस्ट को नवंबर से एनआरआई अकाउंट्स के माध्यम से विदेशी धन हासिल करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। एनआरआई जो मंदिर में अपना योगदान देना चाहते हैं, उन्हें इसके औपचारिक उद्घाटन से पहले ऐसा करने का अवसर मिलेगा। ट्रस्ट देश के



विभिन्न हिस्सों में बसे तीर्थयात्रियों और लोगों के योगदान के माध्यम से एक महीने में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र कर रहा है। हालांकि, ट्रस्ट देश के बाहर से दान स्वीकार करने में असमर्थ है, क्योंकि इसे अभी तक विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण प्राप्त नहीं हुआ है। अयोध्या में ट्रस्ट के कैंप कार्यालय के प्रभारी प्रकाश कुमार गुप्ता ने कहा, सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और आवश्यक दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। हमें उम्मीद है कि नवंबर में गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल जाएगी और हम अन्य देशों से दान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, लेकिन हम उन्हें कुछ समय इंतजार करने के लिए कहते हैं। मंजूरी मिलने के बाद हम वेबसाइट पर विवरण अपडेट करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मई में एफसीआरए पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। सूत्रों ने कहा कि आम तौर पर पंजीकरण आवेदनों को संसाधित करने में छह महीने लगते हैं और इसलिए ट्रस्ट 30 नवंबर तक मंजूरी मिलने की उम्मीद कर रहा है। मंदिर का अधिकांश निर्माण कार्य 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा, जनवरी 2024 के लिए निर्धारित लॉन्च से पहले आने वाले योगदान का उपयोग तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार करने के लिए किया जाएगा।

## मिस्र के लाल सागर में शार्क के हमले में रूसी पर्यटक की मौत

**काहिरा।** मिस्र के रेड सी रिसॉर्ट शहर हर्गहाडा में शार्क के हमले में एक रूसी पर्यटक की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हर्गहाडा में रूस के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को शार्क के हमले के चलते 24 वर्षीय रूसी की मौत की पुष्टि की। वाणिज्य दूतावास ने अपने फेसबुक पेज पर हर्गहाडा में रूसी नागरिकों को सतर्क रहने और तैराकी और गोताखोरी प्रतिबंध के मामले में मिस्र के अधिकारियों के निर्देशों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी। मिस्र के पर्यावरण मंत्रालय ने जांच और सर्वे करने के लिए शुक्रवार से दो दिनों के लिए अल-गौना रिसॉर्ट और सोमा बे के बीच लाल सागर में तैराकी, स्नॉर्केलिंग और अन्य वाटर स्पोर्ट्स पर



प्रतिबंध लगा दिया है। मिस्र की एक टीम ने हमले के पीछे टाइगर शार्क की पहचान की है। पर्यावरण मंत्री यासमीन फौद ने कहा, शार्क को पकड़ लिया गया है और लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने छुट्टी मनाने वालों से लाल सागर के लिए दिए गए निर्देशों और नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

एक सूत्र ने सिन्हुआ को बताया कि मृतक जिस होटल में ठहरा था, वहां के लाइफगार्डस को उसके शरीर का एक हिस्सा मिला है। सूत्र ने कहा कि शार्क के हमले में दो अन्य पर्यटक भी घायल हो गए। मिस्र में लाल सागर के रिसॉर्ट्स में शार्क के हमले कम ही होते हैं, लेकिन अधिकारियों ने पिछले साल दो पर्यटकों के मारे जाने के बाद तट के एक हिस्से को बंद कर दिया था। मिस्र के लाल सागर रिसॉर्ट्स, विशेष रूप से हर्गहाडा, रूसी पर्यटकों के लिए लोकप्रिय स्थान हैं।

## गाजियाबाद में नस काटकर नहर में कूदे युवक को एनडीआरएफ ने बचाया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मुरादनगर गंगनहर में डूबे छात्र को खोज रही एनडीआरएफ टीम ने एक दूसरे युवक की जान बचा ली। हाथ की नस काटकर ये युवक नहर में कूद गया था, तभी सर्च ऑपरेशन कर रहे एनडीआरएफ जवानों की नजर इस पर पड़ गई और तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित बचा लिया। वहीं डूबे छात्र का अभी कुछ पता नहीं चल सका है। कस्बा मोदीनगर निवासी 17 वर्षीय माधव उर्फ यश बुधवार को चार दोस्तों के साथ मुरादनगर गंगनहर पर नहा रहा था। इस दौरान वो गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। पुलिस-प्रशासन की सूचना पर गुरुवार सुबह सवा 8 बजे एनडीआरएफ टीम ने मुरादनगर गंगनहर में छात्र की तलाश में ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने नहर में करीब 12 किलोमीटर सर्च किया, लेकिन छात्र का कुछ पता नहीं चला। एनडीआरएफ अपने ऑपरेशन में लगी थी, इसी दौरान उसकी नजर आत्महत्या की मंशा से नहर में छलांग लगाते युवक पर पड़ी। सब इंपेक्टर ललित स्नेही और रविंद्र सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ के सिपाही लोकेश, योगेश चंदन पांडेय, प्रदीप शुक्ला और शिशुपाल तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नहर में डूब रहे युवक को सकुशल बचाकर पुलिस को सौंप दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार 25 वर्षीय युवक का नाम गोस्वामी है, जो मौजपुर दिल्ली का रहने वाला है और घरेलू विवाद के बाद हाथ की नस काटकर आत्महत्या के इरादे से नहर में कूद गया था। अगर एनडीआरएफ टीम एक-दो मिनट और देर करती तो ये युवक डूब सकता था। एनडीआरएफ टीम ने घायल युवक को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया और परिजनों को सूचना दी। दिल्ली से परिजन थाना मुरादनगर पर आए और गोस्वामी को साथ ले गए।




## पलक्कड़ रेलवे डिवीजन ने फोटो शूट के लिए खोले अपने स्टेशन

**तिरुवनंतपुरम।** पलक्कड़ रेलवे डिवीजन ने अब रेलवे स्टेशनों और यहां तक कि ट्रेनों और बोगियों सहित रेल संपत्तियों को उन लोगों के लिए खोल दिया है, जो फोटो शूट कराना चाहते हैं। पलक्कड़ डिवीजन के सीनियर डीसीएम अरुण थॉमस ने पुष्टि की कि उन्होंने रेलवे और रेल की संपत्तियों पर शूटिंग करने वालों के लिए ये फैसला किया है। थॉमस ने कहा, पलक्कड़ में कुछ दर्शनीय स्थल हैं और हम उम्मीद करते हैं कि यह रेलवे के लिए कुछ राजस्व ला सकता है और उन लोगों के लिए अच्छा हो सकता है जो रेल की संपत्तियों पर शूटिंग करना चाहते हैं और पलक्कड़ में पर्यटन गतिविधियों को अच्छी तरह से बढ़ावा दे सकते हैं। दक्षिणी रेलवे जोन का पलक्कड़ रेलवे डिवीजन भारत के सबसे पुराने रेलवे डिवीजनों में से एक है। इस डिवीजन का रेलवे ट्रैक कुछ ऐसे स्थानों से होकर गुजरता है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है।

## कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**बागलकोट (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में शुक्रवार तड़के एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान श्रीनाकथ मदार (39), शांतव कट्टीमनी (43) और मंतव्वा मराडी (75) के रूप में हुई है। ये सभी हुनगुंड तालुक के रक्कासगी गांव के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, बाइक को टक्कर मारने से पहले ट्रक अमीनागढ़ कस्बे के पास एक कार से टकरा गया था और पकड़े जाने के डर से चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, गनीमत रही कि कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। तीन किलोमीटर चलने के बाद ट्रक चालक ने एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों सवारों की मौत हो गई। वहीं ट्रक भी पलट गया। गनीमत यह रही कि उस समय सड़क पर कोई दूसरा वाहन नहीं था। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। अमीनागढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बंगाल पंचायत चुनाव: कलकत्ता हाईकोर्ट जाएगी कांग्रेस व बीजेपी

**कोलकाता।** कांग्रेस और भाजपा ने पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली में आगामी चुनावों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करने का फैसला किया है। नवनियुक्त राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने गुरुवार शाम को एक ही चरण में मतदान की तारीख 8 जुलाई घोषित की। सिन्हा चुनावों के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती पर अस्पष्ट रहे, इसके बजाय लोगों को राज्य पुलिस द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था में विश्वास रखने के लिए कहा, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने घोषणा की कि पार्टी आगे बढ़ेगी और कोर्ट से केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करेगी। कांग्रेस नेता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील कौस्तव बागची शुक्रवार को उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। बागची ने कहा, आगामी पंचायत चुनावों के लिए हमारी 12 मांगें हैं, इसमें केंद्रीय बलों की तैनाती, ऑनलाइन नामांकन की व्यवस्था और राज्य चुनाव आयोग और



जिलाधिकारियों के कार्यालयों में नामांकन दाखिल करने का विकल्प शामिल है। कांग्रेस के अलावा, पश्चिम बंगाल में भाजपा की राज्य इकाई ने भी विभिन्न आधारों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करने का फैसला किया है। केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग के अलावा, भगवा खेमा 8 जुलाई को एक चरण में चुनाव कराने पर भी आपत्ति जताएगा। पता चला है कि अपनी याचिका में पार्टी राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाए बिना नामांकन, मतदान की घोषणा पर भी आपत्ति जताएगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण निकाय चुनावों में रक्तपात के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए एकल चरण के चुनाव अकल्पनीय हैं। अधिकारी ने कहा, अगर चुनाव संबंधी हिंसा में एक भी व्यक्ति की मौत होती है, तो इसके लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा जिम्मेदार होंगे। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल घोष ने सर्वदलीय बैठक बुलाए बिना चुनाव की तारीख की घोषणा के अधिकारी के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, सर्वदलीय बैठक बुलाने के लिए राज्य चुनाव आयोग बाध्य नहीं है। केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के संबंध में, वे सभी दल ऐसे बहाने बना रहे हैं जिनके पास पश्चिम बंगाल में कोई संगठन नेटवर्क या सार्वजनिक समर्थन नहीं है। 2021 केंद्रीय बलों की तैनाती के साथ आठ चरणों में राज्य विधानसभा चुनाव कराए गए। सभी जानते हैं कि परिणाम क्या रहा।

# पत्थर खदान-क्रशर उद्योग से सर्वाधिक राजस्व उगाही के बावजूद लोग पेयजल, सड़क और आँगनबाड़ी सेवा से वंचित

**दुमका/झारखण्ड**–शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट, बदहाल आवागमन रास्ता और निज ग्राम में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालन नहीं होने जैसे अन्य समस्या से जूझ रहे सिमानीजोर पंचायत अंतर्गत ग्राम अमड़ाडोभा के ग्रामीणों के विशेष निवेदन पर आज आदिवासी मूलवासी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष हाबिल मुर्मू और केन्द्रीय अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो. मंजर अंसारी ने अमड़ाडोभा ग्राम का दौरा किया। इस दरम्यान अमड़ाडोभा के ग्रामीण महिला-पुरूषों ने आपबीती दैनिक समस्या साझा करते हुए बताया कि अमड़ाडोभा के ग्रामीण विगत दो-चार महीना से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निज ग्राम के कुल पैंतीस चालीस आदिवासी मूलवासी परिवार को पेयजल संकट क् सामना करना पड़ रहा है। निज ग्राम में कुल पाँच चपाकल है जिसमें ऊपर टोला में दो चपाकल खराब है और नीचे टोला में तीन चपाकल में से दो चपाकल खराब है। जिसके कारण उन्हें तकरीबन दो-ढाई किलोमीटर दूर स्थित खिजुरिया के झरना का पानी लाकर पेयजल के लिए इस्तेमाल करना पड़ रहा है। गाँव के सभी नदी-तालाब सूख जाने के कारण मवेशियों के लिए पीने का पानी और आम आदमियों को स्नान की समस्या हो गई है। वे



आगे बताते हैं कि निज ग्राम से रामगढ़ स्थित एन एच-114 सड़क मार्ग तक पहुँचने के लिए तकरीबन बदहाल, पथरीले और उबड़ खाबड़ रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। यह रास्ता इतना बदहाल है कि बीमार व्यक्तियों के लिए 108 ऐंबुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पाता है। उसी प्रकार वे आगे बताते हैं कि निज ग्राम में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं होने के कारण ग्रामीण गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को ढाई किलोमीटर दूर पर अवस्थित ग्राम रामगढ़ में टीकाकरण व पोषाहार लेने के लिए मजबूरन जाना पड़ता है। कई बार अधिकांश महिला और बच्चे आँगनबाड़ी केन्द्र की अत्यधिक दूरी रहने के कारण नहीं जा पाते हैं । इस संदर्भ पर आदिवासी मूलवासी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष हाबिल मुर्मू ने झारखंड सरकार व स्थानीय जिला व प्रखंड प्रशासन का आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड सरकार कोशिकारीपाड़ा प्रखंड प्रक्षेत्र के पत्थर खदान-क्रशर से सर्वाधिक राजस्व प्राप्ति होने के बावजूद भी स्थानीय ग्राम के ग्रामीणों को पेयजल, सड़क और आँगनबाड़ी से मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ रहा है । इससे बढ़कर दुखद दास्तान यह है कि लगातार झामुमो विधायक रहते स्थानीय ग्रामीणों के आधारभूत संरचना का विकास कराने में निष्क्रिय रहते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पाँच सौ मीटर दायरे पर एक मिनी आँगनबाड़ी केन्द्र रहने का प्रावधान होने के बावजूद भी आज संबंधित लाभुकों को दो-ढाई किलोमीटर दूर तक सफर तय करने के लिए मजबूर किया जाता है। वहीं इस संदर्भ पर स्थानीय सीडीपीओ से फोन पर संवाद करने पर वे बताती हैं कि हमने नये केन्द्र के लिए अग्रेतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारी को भेज दिया है।

इस मौके पर केंद्रिय अध्यक्ष हाबिल मुर्मू के नेतृत्व मेंअमड़ाडोभा के ग्रामीण महिला-पुरुषों ने मीडिया के माध्यम से झारखण्ड सरकार व स्थानीय प्रशासन के समक्ष ÷अमड़ाडोभा ग्राम का खराब चपाकल को मरम्मत करो, ग्राम रामगढ़ स्थित एन एच-114 से ग्राम अमड़ाडोभा व खिजुरिया तक पक्का सड़क निर्माण करो, ग्राम अमड़ाडोभा में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालन करो जैसे नारों को बुलंद किया । इस मौके पर केन्द्रीय अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो. मंजर अंसारी, प्रेम बास्की, गणेश लोहार, कोमोली मुर्मू पुतुल हाँसदा, सुनीता बेसरा, सावित्री बास्की, सोनाली मुर्मू, नाचोन मुर्मू , फांसीस हेम्ब्रम, सनातन मुर्मू सहित अन्य ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित हुए।

# 25 वर्षों से लगातार फिरोजाबाद शहर को चमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी



शहर फिरोजाबाद की शान जनता के लोकप्रिय विधायक श्रीमान मनीष असीजा जी जिन्होंने 25 वर्षों से लगातार फिरोजाबाद शहर को चमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी फिरोजाबाद शहर के अंदर गंदगी के ढेर गलियों के बाहर उस ढेर के ऊपर सूअरों का जमावड़ा लगा रहता था जब कोई अतिथि बाहर से आता था तो कहता था शहर फिरोजाबाद बहुत ही गंदा शहर है लेकिन माननीय जी ने लगातार शहर को साफ सुथरा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी यहां तक माननीय जी नालों की तली झाड़ सफाई हो उस नाले में खड़े होकर अपने हाथों गंदगी को लेकर बताते थे के और करिए सफाई अभी सफाई पूरी तरह से नहीं हुई है माननीय जी ने शहर के गलियों को एकदम चमन कराया आशावाद हो रामनगर हो हिमायू पर हो मोहल्ला खेड़ा हो हर जगह शहर के अंदर विकास ही विकास नजर आता है लेबर कॉलोनी फाटक जहां पर घंटों इंतजार करना पड़ता था आज माननीय जी ने ओवरब्रिज बनवा कर वह भी समस्या समाप्त जनता की कर दी इसी तरीके से आशावाद क्रॉसिंग पर भी घंटों के हिसाब से भाई बंधु खड़े रहते थे वहां भी माननीय जी ने ओवरब्रिज बनवा कर फिरोजाबाद शहर को एक नई सौगात दी आज रामनगर परमेश्वर गेट रेलवे पुलिया का निर्माण जिस तरीके से कराया वह भी तारीफ के काबिल है माननीय विधायक जी ने शहर के अंदर से ट्रैफिक गुजरता था वह भी समस्या बहुत बड़ी थी आए दिन एक्सीडेंट होते थे लेकिन माननीय विधायक जी ने माननीय नितिन गडकरी जी से एक बाईपास का उद्घाटन कराया और शहर फिरोजाबाद को एक नया बाईपास मिला आप सीधा ट्रैफिक बाहरी बाहर निकल जाता है दुर्घटना शहर की समाप्त होगी पहले तमाम दुर्घटनाएं होती थी आज शहर फिरोजाबाद स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल है माननीय विधायक जी ने एक ऐसा मेयर दीया जो श्रीमती कामिनी राठौर जी भी माननीय विधायक जी के कंधों से कंधा मिलाकर शहर को चमका रही है नालों की तली झाड़ सफाई पानी की समस्या गलियों की समस्या उसका तुरंत निदान हो रहा है अब हमारा से फिरोजाबाद एक साफ सुथरा शहर है स्मार्ट सिटी बनने जा रहा है यह दिन हमारे माननीय विधायक मनीष असीजा की देन है जो आज शहर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के अंदर चमक रहा है माननीय विधायक शहर मनीष असीजा जी जिंदाबाद श्रीमती कामिनी राठौर जी जिंदाबाद जय भाजपा तय भाजपा।

# सहज योग मानव को सत्व गुणी बना देता है



एक यात्री जंगल में जा रहा था, तीन चोरों ने उसे घेर कर लूट लिया। एक ने उसे मार देना चाहा, किंतु दूसरे ने उसे बचा लिया पर उसे रस्सी से बांध दिया, और तीनों अपने रास्ते चले गए। फिर तीसरा चोर लौट आया और उसने मनुष्य को बंधन से मुक्त करके जाने का मार्ग दिखा दिया। यात्री ने उसे धन्यवाद देकर अपने घर चलने की प्रार्थना की किंतु उसने अपनी सीमा पार करने में असमर्थता व्यक्त की और वहां से चला गया। कहानी बड़ी साधारण है परंतु इससे दर्शन की शिक्षा मिलती है। प्रकृति के भी तीन गुण है सत्व रज और तम। सृष्टि रचना के पूर्व प्रकृति के तीनों गुणों की समान एवं शांत अवस्था होती है तथा गुणों की विषमता द्वारा सृष्टि की रचना होती है समस्त सृष्टि त्रिगुणमयी है। मनुष्य की प्रकृति भी त्रिगुणात्मक अर्थात रज, तम और सत्व है। तीनों गुणों में सत्व गुण सर्वोत्कृष्ट है यह निर्मल होने के कारण प्रकाश करने वाला है एवं मनुष्य को सुख का अनुभव कराता है तथा ज्ञान और वैराग्य उत्पन्न करता है। सत्व गुण के मनुष्य ऊर्ध्वगामी होते हैं। सत्व गुण, रजोगुण और तमोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तथा मनुष्य को नैतिकता में स्थिर करके आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करता है। रजोगुण तृष्णा से उत्पन्न होता है तथा तृष्णा को बढ़ाता है इसका परस्पर संबंध है। रजोगुण मनुष्य को कर्म में प्रवृत्त करता है तथा मनुष्य को चंचल बना देता है। रजोगुण जब सत्व गुण और तमोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तब मनुष्य को लोभ, स्वार्थ बुद्धि और सांसारिक चेष्टा में लगा देता है। रजोगुण का फल दुख और अशांति है। रजोगुण के मनुष्य मध्यम श्रेणी के होते हैं। तमोगुण निकृष्ट होता है तथा अज्ञान को बढ़ाता है। प्रमाद और आलस्य को बढ़ाकर मनुष्य को नष्ट करता है। तमोगुण जब सत्व गुण और रजोगुण को दबाकर बढ़ जाता है तब यह मोह उत्पन्न करता है। तमोगुण मनुष्य अधोगामी होता है।

इस कहानी में यह संसार एक जंगल है। वह यात्री मनुष्य और वह तीनों चोर तीन गुण- सत्व, रज, तम है। तमोगुण उस मनुष्य को मारना चाहता है किंतु रजोगुण जो तृष्णा से उत्पन्न होता है वह उसे लोभ आदि से बांध देता है सत्व गुण मनुष्य को निर्मल बनाकर सुख और शांति का अनुभव करा देता है और मनुष्य को मुक्त करके ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बता देता है, किंतु वह स्वयं ब्रह्म तक नहीं पहुंच सकता क्योंकि मनुष्य को सत्व गुण से परे जाकर उच्च अवस्था को प्राप्त करने के लिए अर्थात ब्रह्म तक पहुंचने के लिए साधना रत अर्थात ध्यान मग्न होना पड़ता है। यहीं से आरंभ होता है सहज योग का सरल मार्गदर्शन। जो बताता है कि एक सत्व गुण की प्रवृत्ति रखने वाला मनुष्य कितनी सरलता से घर बैठे ईश्वर के अनुभव जन्य ज्ञान को पा सकता है वह भी बिना एक रुपया खर्च किए।अधिक जानकारी के लिए ध्यान अथवा आत्मसाक्षात्कार लिख कर पर खोजें।या अपने निकट के सहजयोग ध्यान केन्द्र पर संपर्क करें।

# रघुनाथपूर देवान बाबा फ्लोर में जन भावना फाऊंडेशन संस्था की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

## श्रीवाश धिवर ने बताया कि संस्था का मिशन एवं उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को रोजगार का हुनर सिखाना



दुमका/झारखंड। दुमका जलि्े के रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र के रघुनथपु देवान बाबा फ्लोर में जन भावना फाउन्डेशन संस्था के एक मह्त्वपूर्ण बेठ्क का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के दुमका जिला जोनल हेड तारक नाथ साधु ने बताया कि संस्था समाज के लिए जन जागरूकता का कार्य करते हुए बाल-विवाह का रोक-थाम का कार्य कर रही है, जिसमें बाल विवाह से होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान से बचाव हो रही है।कार्यक्रम में उपस्थित जिला हेड मदन कुमार रजक जी ने बताया कि संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। संस्था के रानीश्वर प्रखंड के हेड श्रीबाश धिवर ने बताया कि संस्था का मिशन एवं उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को रोजगार का हुनर सिखाना है और उन्हें रोजगार से जोड़ना है जिससे आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समरेश पात्र (बाबु) ; विकाश पाल,अजय मंडल,उत्तम राणा,बरूण साहा,हाराधन मण्डल,बिद्युत कुमार पाल ,विशाल कुमार शाव,मनोज मण्डल,बिजन कुमार सिंह,काजल कुनुई,बिस्वजित घोष,राहुल कुमार शाहा आदि उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने विशेष ग्राम सभा में महिलाओं को प्रदान किए स्वीकृति पत्र

## कमिश्नर ने लाड़ली बहना उत्सव के लिए महिलाओं को पीले चावल देकर किया आमंत्रित

रीवा। रीवा संभाग के सभी जिलों मे सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आयोजित इन ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने शामिल होकर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड के ग्राम चोरमारी में आयोजित ग्राम सभा में शामिल होकर महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। कमिश्नर ने मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। कमिश्नर श्री सुचारी तथा अन्य अधिकारियों ने 10 जून को लाड़ली बहना योजना की प्रथम किश्त जारी करने के लिए आयोजित किए जा रहे लाड़ली बहना उत्सव में भाग लेने के लिए महिलाओं को पीले चावल देकर आमंत्रित किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगी। यदि परिवार में चार विवाहित महिलाएं 23 से 60 आयु वर्ग की हैं तो परिवार को हर महीने चार हजार रुपए और एक साल में 48 हजार रुपए की राशि मिलेगी। यह राशि महिलाओं को उनके बैंक खाते में सीधे प्रदान की जा रही है। महिलाएं इसका उपयोग अपनी इच्छा के अनुसार कर सकेंगी। घर गृहस्थी चलाने, बच्चों की पड़ाई, दवाई तथा स्वयं की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी करने के लिए महिलाओं को अब किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। इस राशि से बचत करके महिलाएं अपने परिवार को सहयोग भी करेंगी। मुख्यमंत्री जी 10 जून को शाम 6 बजे से आयोजित समारोह में सिंगल क्लिक के माध्यम से योजना से लाभान्वित महिलाओं के बैंक खातें में एक हजार रुपए की राशि प्रदान करेंगे। सभी खातों में एक रुपए भेजकर इनका सत्यापन कर लिया गया है। इस अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर के वार्डों में लाड़ली बहना उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। सभी महिलाएं इनमें भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में बताया गया कि ग्राम चोरमारी में 835 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, एसडीएम रामपुर बघेलान, सीईओ रामपुर बघेलान, अशोक तिवारी, परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# आदतन अपराधी मदनलाल यादव को एक वर्ष के लिए किया गया जिलाबदर




गुना/ कलेक्टर श्री फ्रेंक नोबल ए. द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सगर के प्रतिवेदन के आधार पर जिले के आदतन अपराधी को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर मदनलाल यादव पुत्र सिरनामसिंह यादव, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम विलास थाना कैंट जिला गुना को एक वर्ष के लिए जिला गुना एवं उसके आस-पास के जिलों भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी, विदिशा एवं अशोकनगर की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है। साथ ही उन्होंने उक्त आदतन अपराधी को 24 घंटे के भीतर गुना जिला छोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह कार्रवाई म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के प्रावधानों के अंतर्गत की है।

# स्कूटी से वार्ड नंबर 44 सुहाग नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया

आज जिला शहर फिरोजाबाद में दिनांक 9/6/2023 को प्रात 8ः00 बजे माननीय महापौर काम नहीं राठौर जी ने अपनी स्कूटी से वार्ड नंबर 44 सुहाग नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया सुहाग नगर क्षेत्र के सेक्टर नंबर 2 स्थित पार्क में गंदगी पाई गई। तत्पश्रात क्षेत्रीय सफाई सुपर वाइजर श्री इकबाल द्वारा सफाई कर्मचारियों को लगाकर अपनी उपस्थिति में पार्क की साफ सफाई कराई गई एवं सफाई सुपर वाइजर श्री इकबाल को निर्देशित किया गया कि वार्ड की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# झूठा केस साबित होने पर शिकायती महिला को उतनी ही सजा मिलनी चाहिए, जितनी कि पुरुष कोः इं विपिन कुमार जैन



मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक इं विपिन कुमार जैन ने कहा कि परामर्श केन्द्रों के आंकड़े की माने तो पुरुष भी महिलाओं द्वारा उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। घरेलू हिंसा से सम्बंधित शिकायतों में लगभग 40 प्रतिशत शिकायतें पुरुषों ने की हैं। रिसर्च में यह साबित हुआ हैं कि वायलेंट रिलेशनशिप में महिलाओं के एग्रेसिव होने की आशंका पुरुषों जितनी ही हैं। वर्ष 2018 में व्हेन वाइफ बीट्स देयर हसबैंड, नो वन वांट्स टू बिलीव इट नामक शीर्षक से प्रकाशित लेख में कैंथी यंग ने इससे सम्बंधित कई रिसर्च का जिक्र किया है। अगर कोई मामला गंभीर होने पर हिम्मत करके पुलिस को शिकायत करता भी हैं तो अक्सर पुलिस ही उसका मजाक उड़ाकर और उसे डरा धमाका कर वापस भेज देती है। घरेलु हिंसा से सुरक्षा का लाभ केवल महिलाओं को ही मिलता है, उसका पुरुषों को कोई लाभ नहीं मिलता।

इं विपिन कुमार जैन का कहना है कि जिस तरह से महिलाओं के पीड़ित होने पर कानूनी अधिकार मिलते है उसी तरह पुरुषों को भी मिलना चाहिए ताकि समाज में महिलाओं द्वारा पुरुषों को प्रताड़ित ना किया जा सके और झूठा केस साबित होने पर शिकायती महिला पक्ष को उतनी ही सजा मिलनी चाहिए जितना कि दोष साबित होने पर पुरुष को दी जाती।

राजेंद्र कुमार साहित्यकार, इं आकाश कुमार जी, वीरेंद्र सिंह, प्रशांत जैन, सुनील जैन आदि ने कहा कि पुरुषों पर आर्थिक व्यवहार, जमीन, जायदाद, रंजिश निकालने और तरह-तरह से परेशान करने के लिए झूठे मुकदमें दर्ज किये और कराये जाते हैं। ऐसे मामलों की कोर्ट कचहरी में भरमार हैं। न्यायालय में अधिकतर मामले फर्जी साबित हुए हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया हैं कि महिलाओं के सुरक्षा हेतु बनाये गए कानून का महिलाये बड़ी मात्रा में दुरूपयोग कर रही हैं।

# बाल विवाह समाज के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं: कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन

दुमका/झारखंड। दुमका जिले में बाल संरक्षण इकाई, व ग्राम ज्योति संस्थान के संयुक्त तत्वाधान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन - स के सहयोग से ग्राम हाथीमारा प्रखंड दुमका व ग्राम कोल्हुआ प्रखंड जामा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में कैराबनी पंचायत व भैरवपुर के विभिन्न ग्रामों से आये हुए ग्रामीणों ने भाग लिया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिला समन्वयक, नरेंद्र शर्मा ने बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह समाज के लिए एक अभिशाप से कम नहीं है, इससे बच्चें /बच्चियों का मानसिक और शारीरिक विकास अवरुद्ध होता है । बाल विवाह करना और करवाना एक सघन कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वाले, करवाने एवं शामिल होने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दो वर्ष की कठोर सजा तथा एक लाख (100,000 /-) का जुर्माना लगाया जा सकता है । तत्पश्चात मुख्य अथिति ग्राम प्रधान जी ने यह आश्वाशन दिया कि हम अपने-अपने गांव को बाल विवाह मुक्त करने हेतु सामुहिक स्तर





पर प्रयास करेंगे और एक एक गांव सहित पूरे पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनायेंगे।

इसी कड़ी में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया की बच्चों के देखभाल एवं संरक्षण हेतु सहयोगी सरकारी/गैर सरकारी संस्थान जैसे चाइल्डलाइन 1098, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति, पुलिस को त्वरित जानकारी देते हुए बच्चों को सुरक्षित करने हेतु हमे आगे आ कर कार्य करना पड़ेगा। इसके साथ ही कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन - स के कार्यकर्ता निक्कू कुमार साह ने बाल यौन शोषण संबंधित जानकारी दी गई, इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी बालक के साथ अगर शारीरिक एवं मानसिक शोषण होता है तो इसकी सूचना अविलंब सहयोगी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान को दी जाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित तमाम ग्रामीणों सहित सेविका, सहिया ने बाल विवाह नहीं करने की शपथ ली। इस बैठक में क्षेत्रीय उत्प्रेरक संजय साहा,पवन कुमार यादव, राजीव रंजन, शांतिलता हेंब्रम, अनामिका मंडल, सरस्वती टुडू, ने अहम भूमिका निभाई।



# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दंदरौआ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की

## प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की, खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को भिण्ड जिले के दंदरौआ धाम पहुँचे। उन्होंने वहाँ पर हनुमान जी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की, खुशहाली और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी पं. सिदांशू आचार्य, शिव शंकर कटारे, श्री सत्यम तिवारी, श्री विष्णु शास्त्री, और भोलाराम गुरुजी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। मुख्यमंत्री जी के साथ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान और केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत श्री रामदास जी महाराज से भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 69.28 लाख की लागत के चार विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**- दंदरौआ धाम परिसर में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर 69.28 लाख रुपए की लागत के चार विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिन विकास कार्यों का 2 किया उनमें 14.98 लाख की लागत से नक्षत्र वाटिका, 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 14.80 लाख की लागत से नवीन तालाब निर्माण कार्य एवं 24.50 लाख की लागत से होने जा रहे नवीन डग टेंक निर्माण शामिल हैं।

**वृक्षारोपण भी किया**-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने दंदरौआ धाम मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने परिसर में अशोक के पौधे रोपे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, अनुसूचित जाति (अजा) मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य, संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम अध्यक्ष श्री रणवीर जाटव, विधायक भिण्ड श्री संजीव सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह नरवरिया, श्री नरेंद्र सिंह कुशवाह, श्रीमती कृष्णकांता तोमर तथा श्री केपी सिंह भदौरिया, चंबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुशांत सक्सेना, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस 20 जून तक निलंबित करने संबंधी आदेश जारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने उप निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए सभी प्रकार के शस्त्र तत्काल प्रभाव से 20 जून 2023 तक निलंबित किये गये है। जारी आदेशानुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 (पूर्वाद्ध) के चुनाव की घोषणा जा चुकी है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही भिण्ड जिले में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसंपर्क आमसभायें इत्यादि गतिविधियों तेजी से प्रारम्भ कर दी है, जिसमें काफी अधिक संख्या में व्यक्ति सम्मिलित हो रहे हैं। चूंकि भिण्ड जिला कानून और व्यवस्था की दृष्टि से अति संवेदनशील जिला होने के कारण जन समूह के एक स्थान पर जमा होने, जुलूस निकालने, राजनैतिक दलों/व्यक्तियों द्वारा जन समूह के मध्य उत्तेजक वक्तव्य देने की आशंका से जन आक्रोश उत्पन्न होकर कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शस्त्र लेकर चलने से कानून व्यवस्था भंग होने की आशंका भी है। भिण्ड जिले में पूर्व में हुये निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं तथा मतदान दलों को आतंकित करने तथा मतदान केन्द्रों पर हिंसाजनित कार्यवाही करने से कानून व्यवस्था भंग होने से संबंधित घटनाएं घटित हो चुकी हैं ऐसी स्थिति में लायसेंसी शस्त्रों का दुरुपयोग संभाव्य है क्योंकि भिण्ड जिले में काफी अधिक संख्या में लायसेंसी शस्त्रधारी है। ऐसे में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष में लायसेंसी शस्त्रधारी है। ऐसे में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये लायसेंसों पर दर्ज शस्त्रों का नियमन अत्यावश्यक है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये माननीय उच्च न्यायालय बोम्बे के आदेश के पालन कम अनुसार आयुध अधिनियम की धारा 17 (3) ख में निहित प्रावधानों को प्रयोग में लाते हुये भिण्ड जिले की ग्राम पंचायत नौधा के भीतर समस्त लायसेंसी शस्त्र धारकों के निर्धारित फार्म (3) और (5) में जारी सभी प्रकार के शस्त्र तत्काल प्रभाव से 20 जून 2023 तक निलम्बित किये जाते हैं। सभी लायसेंसी शस्त्रधारियों को आदेशित किया जाता है कि वह अपना शस्त्र सम्बन्धित थानों में अनिवार्य रूप से जमा करें। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की शस्त्र अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम की धारा 17 के अन्तर्गत निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही आयुध अधिनियम, भारतीय दण्ड सहिता तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत भी दण्डात्मक कार्यवाही पृथक से प्रचलित की जायेगी। शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अधिक संख्या होने तथा सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचना देकर सुनवाई का अवसर देने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। परन्तु यह आदेश निम्न पर प्रभावशील नहीं होगा, न्यायालय के न्यायाधीश निर्वाचन कार्य में संलग्न प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, यह आदेश तत्काल प्रभाव से भिण्ड जिले की ग्राम पंचायत नौधा के परिक्षेत्र अंतर्गत लागू होकर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। यह आदेश भिण्ड जिले की तक प्रभावशील रहेगा। यह आदेश भिण्ड जिले की ग्राम पंचायत नोधा में निवासरत प्रत्येक नागरिक को सम्यक रूप से व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाली और आई आई टी अकेडमी व मेडिकल अकेडमी, जोधपुर संस्थान का रामलाल सेंणचा ने किया अवलोकन



**पुष्पाजंली टुडे**

पाली ऱ्सीरवी समाज के प्रतिष्ठित व समाज सेवक रामलाल सेणचा ?ांधी धाम वालो ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाली संस्थान जो कि विगत 6 वर्षो से जाडन,पाली में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ जैसे म्यूजिक क्लास, डांस क्लास, स्विमिंग,स्केटिंग, हॉर्स राइडिंग,बास्केल बॉल, फुटबाल,टेबल टेनिस,बेट बिंठन, क्रिकेट, इनडोर आउटडोर गेम ओर कई तरह के खेलों से परिपूर्ण परिसर है। संस्थान में बॉयज हॉस्टल व गर्ल्स हॉस्टल की सुविधाएं है ताकि दूरदराज के विद्यार्थियों को घर जैसा माहौल मिल सके । साथ ही पाली डी. पी.एस. संस्थान में आई. आई. टी., नीट व सी.ऐ. की तैयारी के लिए बच्चों को प्री-फाउंडेशन व फाउंडेशन कोर्स बिल्कुल निःशुल्क स्कूली शिक्षा के साथ करवाये जाते है। संस्थान के डायरेक्टर अणदाराम सीरवी ने बताया कि 23 वर्षो से आई आई टी अकेडमी व मेडिकल अकेडमी जोधपुर ने हजारों बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाया है साथ ही जिन विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति कमजोर थी या जिनके माता पिता नही थे ऐसे कई सैकड़ो बच्चों को संस्थान ने पड़ाया है और आगे भी इस प्रकार के विद्यार्थियों के लिए संस्थान हमेशा तत्पर रहेगा। उज्जैन जोगमाया ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलाल सेणचा तथा हरिद्वार सीरवी समाज ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डाया राम मारवाड़ जंक्शन वालो ने डी. पी.एस. पाली व आई. एम. ए. जोधपुर दोनों संस्थान की बहुत बहुत प्रशंसा की । साथ ही बताया कि समाज में शिक्षा को बड़ावा देने के लिए प्रवासी सीरवी भाइयों को अपने बच्चों को पड़ाना चाहिए ताकि पढाई के साथ साथ बच्चों में संस्कार जीवित रहे । संस्थान के माधवसिंह सीरवी ने बताया कि जो भी प्रवासी सामाजिक बंधु अपने बच्चों का एडमिशन करवाते है उन्हें विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। साथ ही अनाथ बच्चों के लिए शिक्षण शुल्क बिल्कुल निःशुल्क रहेगा।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता अन्तर्राज्यीय मोटर सायकिल चोर गिरोह को किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने की प्रेस कांफ्रेंस,19 मोटर सायकिल बरामद,02 आरोपी गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में जिला भिण्ड के थाना क्षेत्रों में सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों, चोरी एवं नकबजनी की रोकथाम हेतु शीघ्र प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे ।

इसी तारतम्य में मेहंगाव अनुविभागीय अधिकारी आर.के.एस राठौर के निर्देशानुसार मे थाना प्रभारी गोरमी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर को दिनांक 07/06/2023 को कचनाव रोड से सीटी 100 मोटर सायकिल चोरी हुई थी उस गाडी से एक व्यक्ति जो 20 से 22 साल का है,मेहगांव से गुल्मी की तरफ आ रहा है मुख्य मुखबिर की सूचना पर से महरौली बम्बा के बम्बा के पास पुलिस फोर्स की घेराबन्दी कर दी उक्त मोटर सायकिल चालक को रोका तथा गाड़ी चैक की तो वही गाडी थी जो दिनांक 06/07/2023 को चोरी हुयी थी, मौके पर मोटर सायकिल जप्त की तथा आरोपी को गिर0 किया बाद आरोपी से पूछताछ की तो उसने घटना मे इस मोटर सायकिल को चोरी करने में अपने



साथ अन्य साथी का नाम बताया तथा घटना में शामिल होना बताया बाद पूछताछ घटना मे शामिल अन्य आरोपी की तलाश की मिला जिससे पूछताछ की तो उसने अपने पास की 03 मोटर सायकिल तथा अपने अन्य 05 साथियों का नाम बताया तथा उनके घर पर रखी मोटर सायकिल के सम्बन्ध मे जानकारी दी वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर मोटर सायकिल अन्य 04 व्यक्ति के घर मे तलाश की। उक्त चारो व्यक्ति फरार हो गये लेकिन उनके घर से मोटर सायकिल अलग-अलग कम्पनी की बजाज, टीवीएस एवं होण्डा कम्पनी की कुल 19 मोटर सायकिल बरामद कर कार्यवाही की गयी जिनकी कुल कीमत 8,00,000 रुपये है। बरामद की गयी मोटर सायकिलें भिण्ड,दतिया,ग्वालियर एवं इटावा, जालौन उ. प्र. की होना पायी गयी है। आरोपियों से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलासे होने की सम्भावना है। उक्त उल्लेखनीय कार्य में गोरमी थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर,उपनिरीक्षक सुधाकर सिहं तोमर,सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह भदौरिया,सहायक उपनिरीक्षक दीपक सिहं तोमर,प्रधान आरक्षकों में कौशलेन्द्र सिंह,जितेन्द्र सिंह,मनीष सिहं,आरक्षकों में पंकज शुक्ला,सौरभ शर्मा,अमृत तोमर,सुनील सिहं,शिवकुमार तोमर,सैनिक विश्वनाथ सिहं की सराहनीय महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान कर रही है: जोशी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अटेर । केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल के तहत महा जनभियान प्रोग्राम के तहत महिला स्व सहायता समूह संवाद प्रोग्राम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत,मटघाना के ग्राम तोर के पुरा एवं ग्राम पंचायत कनावर मैं बहनों से संवाद एवं संपर्क किया। जिसमें मां अन्नपूर्णा महिला स्व सहायता समूह , मां अंबिका स्व सहायता समूह दुर्गा माता स्व सहायता समूह की बहने उपस्थित रही मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रूबी बघेल, सचिव पूजा बघेल अंबिका समूह की अध्यक्ष मांडवी भदोरिया, सचिव पिंकी चौहान पुष्पा सहायता समूह की अध्यक्ष पुष्पा भदोरिया,पुष्पा भदौरिया ,सचिव नीलम भदौरिया दुर्गा माता समूह की अध्यक्ष गीता भदौरिया सचिव मनु भदौरिया के साथ , सरोज जोशी के साथ नमो सेना इंडिया की जिला अध्यक्ष ज्योति बोहरे रेखा शुक्ला ममता शर्मा बरही ने भी अपने विचार व्यक्त कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बहनों को अवगत कराया प्रोग्राम में ब्रह्मा देवी बघेल, गुड्डी भदौरिया, मिथिलेश बघेल, श्यामा देवी भदौरिया, सोनकली बघेल, निशा भदौरिया, रानी भदोरिया, ममता भदोरिया, रवीना बघेल, स्नेहा भदौरिया, शिवानी बघेल ,मंजू बघेल, भागवती बघेल उपस्थित रहे,वही कनाबर पंचायत में करौली माता समूह की अध्यक्ष दीपा भदौरिया, सचिव रानी भदौरिया, बजरंगबली आजीविका समूह बजरंगबली अजीब का समूह की अध्यक्ष पूनम भदौरिया, सचिव पूजा भदोरिया,खाडेबाबा समूह अध्यक्ष संध्या भदौरिया, सचिव गंगा देवी भदौरिया,सेमर बाबा समूह की अध्यक्ष नसरीन खान, सबसेरा खान गुडरिया वाले बाबा समूह की अध्यक्ष शकुंतला देवी भदौरिया, सचिव संतोषी भदौरिया, जय मां संतोषी समूह की अध्यक्ष सबुद्रा देवी भदौरिया, सचिव गुड्डी देवी भदोरिया, के साथ रामादेवी भदौरिया,रेखा भदौरिया, पूजा भदोरिया, मालती भदौरिया, मालती भदौरिया ,सनम भदोरिया, कालिंद्री भदौरिया, सपना भदौरिया ,रानी भदौरिया, पुती भदौरिया, गुड्डी भदोरिया, रागिनी भदौरिया, मुन्नी भदोरिया ,फुलवासा भदौरिया, गंगा देवी भदोरिया, रुखसाना, बेगम प्रवीणा बेगम, सोमवती भदौरिया, अर्चना भदौरिया, विनीता भदौरिया,सावित्री भदौरिया, सुनैना भदौरिया बड़ी संख्या में बहने उपस्थित रहे।

चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत श्रीमती जोशी ने महिलाओं के बीच चौपाल पर बैठकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिला हितेषी सरकार है कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमानित कर उन पर वोट मांगने कर रही थी अब नारी शक्ति योजना के माध्यम से झूठे फार्म भरा कर उनको भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है, मुख्यमंत्री 10 जून से ? 1000 की राशि सीधे खातों में पहुंचाई जा रही है। हमारी सरकार महिला हितेषी सरकार है महिलाओं सभी लोग संगठित होकर योजना का लाभ लेकर आगे बढ़े और कांग्रेस जैसे धोखेबाजो से सावधान रहें।

# पत्रकार आशीष शर्मा ने दी मानवता की मिसाल

## सड़क पर पड़े घायल व्यक्ति को अपने वाहन में लिटाकर पहुंचाया जिला अस्पताल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पावई थाना अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर को ऐतहार रेलवे क्रॉसिंग पर गोलू पुत्र पप्पू नामक व्यक्ति अपने स्प्लेंडर बाइक क्र. एमपी 06 जेडए 6934 से क्रॉसिंग पर लगे डिवाइडर से टकरा गया और घायल हो गया। गोलू घायल अवस्था में सडक पर तड़प रहे थे,लेकिन किसी भी राहगीर ने कोई मदद नहीं की वही पर फाटक पर उपस्थित कर्मचारियों ने उक्त व्यक्ति को सड़क से नीचे लिटाया और पुलिस व एम्बुलेंस को सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन किसी से सम्पर्क नहीं हो सका,तभी कुछ देर में वहाँ से प्रदेश समय के पत्रकार आशीष शर्मा का निकलना हुआ उन्होंने जैसे ही भीड़ को देखा तो तुरंत अपनी गाड़ी रोककर जानकारी ली तो पता चला की कोई व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है,पत्रकार आशीष शर्मा ने तुरंत अपने वाहन में घायल को लिटाकर जिला अस्पताल भिंड पहुंचाया और घरवालों को सूचित किया एवं इलाज शुरू करवाया।

# जयंत गुप्ता बने अखिल भारतीय पत्रकार एवं संपादक एसोसिएशन के संभाग अध्यक्ष

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



खरगोन। अखिल भारतीय पत्रकार एवम सम्पादक एसोसिएशन के द्वारा इंदौर संभाग का अध्यक्ष श्री जयंत गुप्ता को नियुक्त किया गया है । संगठन की मजबूती हेतु संपूर्ण इंदौर संभाग में सदस्यता अभियान चलाकर जिले एवं तहसील में सदस्य बनाए जाएंगे जिससे संगठन द्वारा अपने होने वाले कियाकलापो को पत्रकारिता के क्षेत्र में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक उसकी समस्या एवं मांगो मैं सहयोग मिल सके ,इन्हीं बातों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । श्री जयंत गुप्ता को इंदौर संभाग का अध्यक्ष बनाए जाने पर पंचायती राज चैनल मध्य प्रदेश के सभी पत्रकार सदस्यों एवं खरगोन पत्रकार संघ के सदस्यों ने बधाई दी ।

# कांग्रेस जो कहती है वह करती है जो कहेगी वह करेगी : सचिन द्विवेदी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिंड विधानसभा में सचिन द्विवेदी के नेतृत्व में चल रही परिवर्तन यात्रा के 7 वे दिन में वार्ड क्र 1 अटेर रोड पर निकाली गयी जिसमे राष्टीय सचिव एवं चम्बल संभाग प्रभारी शिव भाटिया, नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश डॉ गोविन्द सिंह,अटेर पूर्व विधायक हेमंत कटारे,शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार देसलेहरा,एनएसयूआई से अंकित तोमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लोगो से जनसम्पर्क किया और शिव भाटिया ने कहा की भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है जब कांग्रेस सरकार के पांचो वचन के बारे में बताया ।

1. 100 यूनिट बिजली मांफ 200 यूनिट हाफ
2. 1500 रुपये हर माह नारी सम्मान।
3. 500 रुपये में घरेलु सिलेंडर।
4. ओल्ड पेंशन स्कीम को लागु करेंगे।
5. किसानो का कर्ज मांफ होगा।

और सचिन द्विवेदी ने कहा की भाजपा मतलब भ्र्ष्टाचार सरकार है भाजपा सरकार,नशा व्यापार रोकने, खनन माफिया,अपराध रोकने में असफल है।



## संपादकीय

# गिरे पुल के उठे सवाल

यह भ्रष्टाचार में डूबी व्यवस्था का ज्वलंत उदाहरण ही है कि बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहे पुल जैसे संवेदनशील निर्माण में इतनी धांधली हुई कि एक दशक से बन रहा हजारों करोड़ का पुल बनने से पहले दो बार टूट गया। एक साल पहले पुल के हिस्से के ध्वस्त होने के बाद भी न तो किसी की जवाबदेही तय की गई और न ही किसी को दंड मिला। विडंबना यह कि गत रविवार को 1710 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले पुल का एक बड़ा हिस्सा फिर ढह गया। यदि यह हादसा पुल पर जारी यातायात के बीच होता तो जनधन की हानि का अंदाजा लगाया जा सकता है। उस पर तुर्रा यह है कि बिहार सरकार में शामिल दलों की तमाम दलीलें भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की हो रही हैं। बेतुकी दलील दी जा रही है कि पुल के डिजाइन में खामी के कारण पुल के एक हिस्से को गिराया गया। इससे पहले सार्वजनिक जीवन में किसी ने इस तरह की दलील नहीं सुनी, यह सिर्फ हादसे के बाद लीपापोती की कवायद है। निश्चय ही घटना विचलित करती है कि हजारों लोगों के जीवन से जुड़े सार्वजनिक निर्माण में किस हद तक हेराफेरी और कमीशन बाजी चलती है कि निर्माण पूरा होने से ही पहले ही वह भरभरा कर गिर जाता है। यह भी कि राजनेताओं और ठेकेदारों के लिये आम आदमी की जिंदगी की कीमत क्या है। बीते साल गुजरात में हुए एक पुल हादसे में आपराधिक लापरवाही से बड़ी संख्या में लोगों के डूबकर मरने की घटना से लगता है हमने कोई सबक नहीं लिया। देश में ऐसी कोई स्वतंत्र व अधिकार संपन्न नियामक संस्था नजर नहीं आती तो सार्वजनिक निर्माण में आपराधिक लापरवाही को पकड़कर दोषियों को दंडित करे। घटना निर्माण कार्य से जुड़े जवाबदेह लोगों की नैतिकता पर भी सवाल खड़ा करती है। यह मामला ऐसे समय में प्रकाश में आया है जबकि देश भयानक लापरवाही से हुई ओडिशा रेल दुर्घटना में सैकड़ों लोगों की मौत के दुख से उबर नहीं पाया है।निस्संदेह, भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहे पुल के एक हिस्से के धंसने की घटना संरचनात्मक निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाती है। सवाल यह भी है कि वर्ष 2014 में बनना शुरू हुआ यह पुल 2023 तक भी क्यों नहीं बन पाया है। जिस पुल को लेकर दावे किये जा रहे थे कि इससे यात्रा का समय कम होगा और संपर्क मार्ग आसान होगा, एक दशक होने पर भी उस पुल का निर्माण न तो पूरा हुआ बल्कि जो बना भी है वह भरभरा कर गिर रहा है। पुल निर्माण की सीमा का चार बार बढ़ाया जाना बताता है कि बिना राजनीतिक संरक्षण के यह संभव नहीं हो सकता। तभी बिहार सरकार में शामिल राजनीतिक दल कुतर्कों के जरिये लीपापोती में लगे हैं। निस्संदेह, बार–बार निर्माण की समय अवधि बढ़ाए जाने से उसकी लागत भी बढ़ जाती है और यह पैसा जनता से उगाहे कर के द्वारा ही चुकाया जाता है। जहां राज्य सरकार मामले में जांच के आदेश दे रही है वहीं सरकार में शामिल एक दल के नेता कह रहे हैं कि इस पुल के डिजाइन में खामी थी और इसे दुरुस्त करने में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ इंजीनियरों की मदद ली गई थी। दलील दी गई कि पुल के डिजाइन में खामी के चलते इसके एक हिस्से को गिराया गया। सरकार के बाएं–दाएं हाथ की अलग–अलग टिप्पणी संदेह को और गहरा करती है। निस्संदेह, इससे प्रश्न पैदा होता है कि जब डिजाइन में खामी के चलते पुल के एक हिस्से को गिराया गया तो मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश क्यों दिये? जाहिर है मामले में लीपापोती की जा रही है। निस्संदेह यह दुखद स्थिति है कि सच्चाई पर पर्दा डालकर जनहितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। सवाल यह भी है कि पुल बनने के बाद यदि ऐसे हादसे होते रहे तो जान–माल की क्षति के लिये कौन जिम्मेदार होगा? या तब भी कोई नया बहाना गढ़कर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जायेगा। कायदे से तो सारे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाकर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

## सवेरा (बाल कविता)



हुआ सवेरा एक है
मिटा अंधेरा अनेक है,
जीवन की लालिमा
छाई
बुराई की कालिमा
भगाई,
नन्हें मुन्ने फूलों ने
सुबह ही रौनक लगाई,
पंछियों के चहचहाहट
ने
हर बुरी नजर भगाई,
नील गगन में उड़ती
रंग बिरंगी चिड़ियों ने
सबके चेहरे पर
सुबह ही मुस्कुराहट
लाई।

**राजीव डोगरा**
**लेखक**
**कांगड़ा हिमाचल प्रदेश**

# गहलौत-पायलट का 'सम'

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के भीतर पूर्व अध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमन्त्री सचिन पायलट जिस तरह के बगावती तेवर दिखा रहे थे, उन पर अब विराम लग चुका है और श्री पायलट ने मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलौत के साथ अपने सभी मतभेदों पर खाक डाल कर पार्टी व राज्य हित में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। श्री गहलौत के बारे में मेरी शुरू से ही राय रही है कि वह स्व. मोहन लाल सुखाडिय़ा के बाद राजस्थान के ऐसे नेता हैं जो पूर्णतः गांधीवादी नीतियों के अनुसार अपने आलोचकों को अपने मत से सहमत कराना जानते हैं। वह वास्तव में राज्य की जनता की नब्ज को पहचानते हैं और उनकी सरकार की सभी नीतियां इसी नब्ज का 'तापमान' देख कर बनती हैं। यही वजह है कि श्री पायलट अब कांग्रेस रागिनी को 'ऊंचे सुर' में छोड़ कर 'सम' में गा रहे हैं। बेशक कई बार ऐसा होता है कि चुनावी विमर्शों के लोकाभियान में जमीन पर जन हित में किये गये ठोस कार्य विरोधियों द्वारा बहाई गई हवा में बह जाते हैं मगर कार्यों के निशान जमीन पर बाकी रह जाते हैं। श्री गहलौत के मामले में 2013 के विधानसभा चुनावों के दौरान यही हुआ था। मगर 2018 के चुनावों में राज्य विधानसभा की 200 में से मात्र 98 सीटें अपनी पार्टी सदारत में जीतने वाले सचिन पायलट को यह गलतफहमी हो गई थी कि यह सब उन्हीं का कमाल था। वह अभी युवा हैं और उनके पास पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अपने यशस्वी पिता स्व. राजेश पायलट की जनसेवा की महान विरासत भी है। अतः 'धैर्य' को सचिन पायलट को राजनीति में 'आभूषण' की तरह धारण करके श्री गहलौत से सियासत के गुर सीखने चाहिए थे लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की ऐसी पार्टी है जिसमें आन्तरिक लोकतन्त्र 'खिलखिला' कर नेताओं की आपसी रस्साकशी का सार्वजनिक प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं रहता। इसी वजह से श्री पायलट को राजस्थान में अपनी ही पार्टी की सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के विरुद्ध आन्दोलन करने में किसी प्रकार हिचक नहीं हुई। वह अपने ही मुख्यमन्त्री के विरुद्ध महीने भर राजस्थान की सड़कों पर घूमते रहे और मांग करते रहे कि पिछली भाजपा नीत वसुन्धरा राजे सरकार के दौरान जो भ्रष्टाचार के आरोप कांग्रेस ने पिछले चुनावों के दौरान लगाये थे उनकी जांच की जानी चाहिए। मगर यह कहते हुए वह भूल गये थे कि 2020 में उन्होंने स्वयं उपमुख्यमन्त्री रहते अपने बीस समर्थक विधायकों के साथ बगावत का जो 'गुल' खिलाया था उसे 'गुलिस्तां' होने से रोकने में बकौल श्री गहलौत व श्रीमती वसुन्धरा ने ही प्रमुख भूमिका निभाई थी। इससे यही साबित हुआ कि सचिन अपनी पार्टी की सरकार की विश्वसनीयता को ही निशाने पर रखने से नहीं चूक रहे हैं जिसका फायदा श्री गहलौत को मिलना ही था।कांग्रेस में नेतृत्व संघर्ष कोई नई बात नहीं है और लोकतन्त्र में यह पूरी तरह जायज भी कहा जा सकता है लेकिन तब तक ही जब तक कि किसी मुख्यमन्त्री का उस राज्य के विधायक अपने बहुमत से चुनाव न कर लें। एक बार नेता का चुनाव होने के बाद उसमें परिवर्तन का अधिकार केवल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास ही होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को यदि यह एहसास हो जाता है कि उसकी पार्टी द्वारा शासित किसी राज्य का मुख्यमन्त्री आम जनता की नजरों से उतर चुका है तो वह उसका लोकप्रिय विकल्प चुनने के लिए स्वतन्त्र होते हैं। राजस्थान के मामले में तो श्री गहलौत की लोकप्रियता को चुनौती देने का साहस उनके विरोधी दल के नेताओं तक में नजर नहीं आ रहा है क्योंकि उन्होंने अपने शासन को ज्यादा से ज्यादा लोकोन्मुखी और लोक कल्याणकारी बनाने की नीति अपनाई हुई है। पूरे देश में राजस्थान एक मात्र ऐसा राज्य है जिसमें गरीब जनता को गैस सिलेंडर सिर्फ 500 रुपए का मिल रहा है जबकि बाजार में इसकी कीमत 1100 रुपए से भी ऊपर है। इसी प्रकार राज्य की स्वास्थ्य कल्याण योजना से लेकर महिला कल्याण योजना का कोई तोड़ नहीं है। गहलौत राजनैतिक मर्यादा रखते हुए राजनीति करने के कायल शुरू से ही रहे हैं। उनमें राजनैतिक चातुर्य लोकतान्त्रिक नैतिकता के दायरे में इस कदर भरा हुआ है कि विरोधी भी इसका लोहा मानने से नहीं कतराते। बेहतर होता कि श्री पायलट इस सबसे सबक लेते हुए राजस्थान की भविष्य की राजनीति में अपनी जगह सुनिश्चित करने की मुहीम में लगते मगर उन्होंने तो गहलौत के खिलाफ ही अभियान जैसा शुरू कर दिया था। जिसकी वजह से कांग्रेस आलाकमान को दखल देना पड़ा और दोनों नेताओं में सुलह करानी पड़ी। श्री पायलट को अपनी पार्टी कांग्रेस के इतिहास के बारे में भी पूरी तरह परिचित होना चाहिए। आजादी के तुरन्त बाद एक समय ऐसा भी बना कि प्रधानमन्त्री पद पर आसीन पं. जवाहर लाल नेहरू समाजवादी खेमे के प्रखर नेता स्व. डा. राम मनोहर लोहिया को कांग्रेस अध्यक्ष बनाना चाहते थे। डा. लोहिया इस प्रस्ताव को इस शर्त के साथ स्वीकार करना चाहते थे कि पार्टी अध्यक्ष को अपनी ही पार्टी की सरकार की नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन या विरोध प्रकट करने का अधिकार मिलना चाहिए। डा. लोहिया मानते थे कि पार्टी संगठन और सरकार दो अलग–अलग इकाई होते हैं। लोकतन्त्र में दोनों का अलग अस्तित्व होता है। अतः पार्टी को जनता के बीच रहते हुए अपना स्वतन्त्र दायित्व निभाना चाहिए परन्तु पं. नेहरू इस मत से आंशिक रूप से सहमत थे अतः उन्होंने डा. लोहिया का यह प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया किन्तु कांग्रेस पार्टी के मंच के दायरे में ऐसे बेशुमार मौके आये जब पार्टी की सरकार और उसके मन्त्रियों व नीतियों तक की इसके सम्मेलनों में विभिन्न नेताओं ने जमकर आलोचना की। इसमें सबसे ज्यादा प्रसिद्ध 1955 का कांग्रेस अधिवेशन का वह मुद्दा है जिसमें पं. नेहरू की सहकारिता खेती के विचार का जबर्दस्त विरोध स्व. चौधरी चरण सिंह ने किया था। राजनीति केवल सत्ता का नाम नहीं होती अन्ततः यह लोक सेवा का काम होती है। अतः "कुछ लिख के सो, कुछ पढ़ के सो

तू जिस जगह जागा सबेरे, उस जगह से बढ़ के सो !"

# शिक्षा विश्व रैंकिंग में पिछड़ता भारत

**आदित्य नारायण**

शिक्षा मंत्रालय हर साल शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी करता है। इस बार एनआईआरएफ रैंकिंग के मुताबिक आईआईटी मद्रास को देश का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है। जबकि दूसरे नम्बर पर है। उच्च शिक्षा उद्योग पर्याप्त शिक्षण क्षमता प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन विडम्बना यह है कि भारत का कोई भी संस्थान वैश्विक शीर्ष सौ संस्थानों में अपनी जगह नहीं बना पाया। वैश्विक टॉप 200 में केवल तीन भारतीय में पहले स्थान पर है। आईआईएससी बेंगलुरु साइटेशन पर फैकल्टी इंडिकेटर में विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में भी उभरा है। यह संस्थानों द्वारा उत्पादित अनुसंधान के वैश्विक प्रभाव को इंगित करता है। दोबारा, जब विश्वविद्यालयों को



भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरु है। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आईआईटी मद्रास की रैंक लगातार आठवें वर्ष भी बरकार रही है। इसके बाद आईआईटी दिल्ली दूसरे नम्बर पर और तीसरे नम्बर पर आईआईटी मुम्बई है। इसी तरह मैनेजमैंट कालेज, फार्मेसी कालेज, लॉ कालेजों की भी रैंकिंग की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में शिक्षा सुधार लगातार जारी संस्थान ही जगह बना पाए हैं। कुल मिलाकर 41 भारतीय संस्थान और विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने इस वर्ष क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग सूची में जगह बनाई है। क्यूएस विश्व रैंकिंग सूची से पता चलता है कि भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने 155 वां वैश्विक रैंक हासिल किया है जो पिछले साल 186वें स्थान से ऊपर है और भारतीय संस्थानों संकाय आकार के लिए समायोजित किया जाता है तो प्रति संकाय सूचक के उद्धरण ने आईआईएससी को 100є100 हासिल किया। शीर्ष 200 में अन्य दो स्थानों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली वैश्विक 172वें और 174वें स्थान पर है। विशेष रूप से, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दोनों ने पिछले साल से आईआईटी बॉम्बे को 177 वें और आईआईटी दिल्ली को पिछले साल 185 वें स्थान से अपग्रेड किया। फिर से, 200 और 300 शीर्ष वैश्विक संस्थानों के बीच, आईआईटी मद्रास ने 250 वां स्थान हासिल किया, जो कि पिछले वर्ष 255 वें स्थान पर है, आईआईटी कानपुर ने 264 वां स्थान हासिल किया और आईआईटी खड़गपुर ने 270 वां स्थान हासिल किया, दोनों अपने पिछले रैंक से ऊपर खड़े हैं। इससे पता चलता है कि शीर्ष 300 वैश्विक विश्वविद्यालयोंध संस्थानों में छह भारतीय संस्थान अपनी पहचान बना सकते हैं।विश्व रैंकिंग मे भारत के पिछड़ने के कई कारण हैं। पूरी दुनिया शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने मे लगी हुई है। हर वह सम्भव कोशिश की जा रही है जिससे घशिक्षा व्यवस्था को नया आयाम दिया जा सके। भारत में कुछ बड़े विश्वविद्यालयों आईआईटी, आईआईएम और कुछ अन्य को छोड़कर कोई बड़े बदलाव नही किए गए। बड़े बदलाव नहीं होने के कारण आधुनिक युग मे भारतीय शिक्षा प्रणाली को कमजोर माना जाता है। यहां प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक चुनौतियां ही चुनौध्तयां हैं। यही कारण है कि भारत से प्रतिभाओं का पलायन लगातार हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बना हुआ है। आज हर अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के लिए विदेश भेजने के इच्छुक दिखाई देते हैं। दरअसल हमने कभी उन कारणों की तलाश ही नही की जिनके चलते ऐसी स्थिति पैदा हुई है। भारत की बात करें तो यहां केवल 20.4 फीसदी आबादी ही यूनिवर्सिटी या कॉलेज या फिर वोकेशनल कोर्स पूरा कर पाई है। हालांकि भारत सरकार ने शिक्षा के लिए अधिक बजट आवंटन करने की घोषणा की है। शिक्षा के क्षेत्र मे निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन निजी क्षेत्र वही निवेश करता है जहां उनको फायदा नजर आए। निजी क्षेत्र ने शिक्षा का पूरी तरह से व्यवसायीकरण कर दिया है जिसके चलते शिक्षणध्की गुणवत्ता मे बहुत कमी आई है। किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता उसकी फैकल्टी पर निर्भर करती है। फैकल्टी मे योग्य और प्रशिध्क्षित शिक्षक चाहिए। निजी क्षेत्र युवा स्नातकों कोध्ऐसे प्रोफैसरो के रूप मे भर्ती करते है जिनके पास कोई अनुभव या ज्ञान नहीं होता। वह ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना चाहता है। निजी क्षेत्र को छात्रों में रचनात्मकता, नए शोध और नए कौशल को सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने में कोई रुचि नही है। देश मे कोटा प्रणाली बहुत ही विवादास्पद है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता मे कोटा प्रणाली अभी भी बाधक बनी हुई है। युवा पीढ़ी को सिर्फ नौकरी और भारी–भरकम वेतन पैकेज लेने मे ही अधिक रुचि है। इसलिए अभिभावक भी बच्चों को देश की सेवा के लिए प्रेरित करने की बजाय अच्छी नौकरी तलाश करने के लिए ही प्रेध्रित करते हैं। अगर प्राथमिक शिक्षा की बात की जाए कक्षा एक मे केवल 16 फीसदी बच्चे ही निर्धारित स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। जबकि 40 फीसदी बच्चे अक्षर भी नहीं पहचान सकते। कक्षा 5 में केवल 50 फीसदी बच्चे ही कक्षा दो का पाठ पढ़ पाते हैं। देश के भीतर राज्य, शहरों और गांव में एक बहुत बड़ा घ्डिजिटल डिवाइड पैदा हो गया है। ग्रामीण बच्चों के पास न तो कम्प्यूटर है और न ही इंटरनेट की सुविधा। जबकि शहरोंऔर महानगरों मे यह सुविधाएं मौजूद हैं। कुछ महानगरों को छोड़कर देश भर मे सरकारी स्कूलों की हालत भी काफी खस्ता है। शिक्षा को लेकर अमीर और गरीब में एक बहुत बड़ी खाई पैदा हो गई है। अभिभावक महंगे स्कूलों या कालेजों मे अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाने मे असमर्थ है इसलिए सभी को एक समान अवसर उपलब्ध नहीं होते। शिक्षा के ढांचे मे अमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए। हमें अनुसंधान और नए–नए अविष्कारों पर बल देना चाहिए। क्योंकि वर्तमान सभ्यता का स्वरूप निरंतर किए गए आविष्कारों तथा अनुसंधानों का ही परिणाम है। विदेशों में पढ़े छात्र आज बिजनेस हो या आईआईटी क्षेत्र स्टार्टअप हो या टैक्नीकल क्षेत्र उनमें सफल हो रहे हैं। वहां की शिक्षा किताबी नहीं व्यावहारिक है।

# न्यू इंडिया का दुखदायी माहौल

यौन शोषण के आरोपी, भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग को लेकर देश के दिग्गज पहलवान महीनों से आवाज उठा रहे हैं। पहले जब पहलवान धरने पर बैठे तो उन्हें कार्रवाई और जांच का आश्वासन देकर उठा दिया गया। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पहलवानों ने फिर से मोर्चा खोला और जंतर–मंतर पर डेरा डालकर बैठ गए। लेकिन नए संसद भवन के उदघाटन के दिन उन्हें वहां से भी खदेड़ दिया गया। उन पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, हिरासत में लिया। इंसाफ की मांग करने वाले पर कानून का डंडा चले और उसे कानून का राज कहा जाए, यह न्यू इंडिया का कड़वा सच है। पहलवानों ने गंगा में पदक बहाने का फैसला किया, तो सरकार को इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ा। टिकैत बंधुओं की समझाइश पर पहलवानों ने तब पदक बहाने का फैसला टाल दिया, लेकिन इंसाफ की लड़ाई चल ही रही है। अब इसमें किसान भी उनके साथ आ गए। पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायतें हुईं, जिसमें फिर सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि 9 जून तक बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई हो। इस बीच बृजभूषण शरण सिंह की 5 जून को अयोध्या में साधु–संतों के साथ होने वाली रैली भी रद्द हो गई। और अब खबर है कि दिल्ली पुलिस की एक विशेष जांच टीम आरोपी के अलग–अलग घरों पर जांच और पूछताछ के लिए पहुंची। आरोपी के कर्मचारियों से पुलिस ने सवाल–जवाब किए। इस पूछताछ का क्या नतीजा निकलेगा, इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन फिलहाल ये पूछताछ बात को टालने का एक हथकंडा ही नजर आ रही है। जैसे बच्चों का ध्यान किसी चीज से भटकाने के लिए इधर–उधर की बातें की जाती हैं, वैसा ही कोई खेल शायद इस वक्त सत्ता के गलियारों में खेला जा रहा है। क्योंकि जिस इंसान के खिलाफ पॉक्सो के तहत एफआईआर दर्ज हो, उसे फौरन गिरफ्त में लेने की जगह उसके घर पर काम करने वालों से पूछताछ कर दिल्ली पुलिस कौन से निष्कर्ष पर पहुंचना चाहती है, यह वही जाने। पुराने अनुभव यही बताते हैं कि जब आरोपी रसूखदार और सत्ता में हो, तो अपने खिलाफ चल रहे मामलों को पलटाने और गवाहों पर दबाव डालने के हथकंडे इस्तेमाल में लाए जाते हैं। उपहार कांड, बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला, जेसिका हत्याकांड और इसी तरह के न जाने कितने हाईप्रोफाइल मामलों में इंसाफ ने अपने मायने ही खो दिया। ये सारे मामले उस दौर के हैं, जब सत्ता, समाज और मीडिया सभी जगह आंखों में थोड़ी शर्म बाकी थी। लेकिन आज तो हालात और भी गए गुजरे हो गए हैं। उन्नाव, हाथरस, कठुआ जैसे भयावह कांडों में आरोपियों को बचाने की कोशिशें की गईं। लखीमपुर खीरी मामले में लिप्त लोग सत्ता की शोभा बढ़ा रहे हैं। कमाल ये है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अब पहलवानों से कह रहे हैं भरोसा रखिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो भारत की शान बढ़ाने वाली बेटियों की शिकायत पर आंख–कान बंद कर रखे हैं। उन्हें ये लोग शायद तभी दिखते हैं जब वे देश के लिए पदक लाते हैं। तब उनके साथ फोटो खिंचाने से विश्वगुरु वाली छवि के लिए अंक बढ़ जाते हैं। प्रधानमंत्री की उपेक्षा से खिलाड़ियों को घोर निराशा हुई है और जब उन्हें गृहमंत्री से मुलाकात का मौका मिला, तो निश्चित ही उनकी खोई उम्मीदें फिर बढ़ गई होंगी। अमित शाह के आधिकारिक निवास पर दो घंटे तक पहलवानों से उनकी चर्चा हुई। इस मुलाकात का विस्तृत ब्यौरा तो सामने नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि अमित शाह ने पहलवानों को भरोसा दिया कि कानून सबके लिए समान है। कानून को अपना काम करने दें। सबसे बड़ी विडंबना तो यही है कि कानून अपना काम करते नजर ही नहीं आ रहा। अगर कानून काम कर रहा है तो फिर ब्रजभूषण शरण सिंह खुद अपने लिए फैसला कैसे सुना रहे हैं कि वो निर्दोष है। ये काम तो अदालत मे होना चाहिए। एक ओर ब्रजभूषण शरण सिंह पर कानून का जोर नजर नहीं आ रहा, दूसरी ओर मीडिया फर्जी खबरों के जरिए पहलवानों में फूट डालने और आंदोलन को तोड़ने की कोशिश में लग गया है। इन सरकार भक्तों की टूलकिट एकदम समझ आ जाती है। किसान आंदोलन के वक्त भी किसानों को गलत बताने और उनके बीच फूट दिखाने की कोशिश भक्त पत्रकारों ने की थी। अब साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया आदि के बारे में खबर चला दी कि उन्होंने आंदोलन से नाम वापस ले लिया और रेलवे की नौकरी फिर से पकड़ ली। गनीमत है कि पहलवान झूठी खबरों के इस अखाड़े के सारे दांव–पेंच अब समझने लगे हैं। इसलिए उन्होंने फौरन ट्वीट कर अपनी स्थिति साफ कर दी कि वे आंदोलन से पीछे नहीं हट रहे हैं। साक्षी मलिक ने तो फेसबुक लाइव कर मीडिया पर उनके आंदोलन को लेकर फेक न्यूज फैलाने का आरोप लगाया। और मीडिया से अपील की कि यदि वे सच्चाई नहीं दिखा सकते हैं तो फेक न्यूज न चलाएं। वहीं बजरंग पूनिया ने लिखा कि हमारे मैडलों को 15–15 रुपये के बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़े हैं। इंसाफ नौकरी से काफी बड़ा है और अगर नौकरी इंसाफ के रास्ते में बाधा बनी तो उसे छोड़ देंगे। झूठी खबरों का पर्दाफाश तो फौरन हो गया, लेकिन सवाल है कि आखिर किसके इशारे पर ये खबरें चलाई गईं, किसे बचाने के लिए चलाई गईं।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियार व कारतूस सप्लायर के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

## 01 आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से 12 नग देशी पिस्टल कीमत लगभग 2,40,000/- रुपये जप्त, आरोपी के कब्जे से 03 जींदा कारतूस कीमत लगभग 1200/- रुपये भी जप्त

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**
पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अवैध हथियार विक्रेता की तस्करी करने वालों के विरुध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है । खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियार विक्रेताओ पर लगातार निगाह रखते हेतु वरिष्ट अधिकारियों द्वारा इसकी रोकथाम विशेष अभियान चलाने के संबंध मे निर्देशित किया गया है । उक्त अभियान के चलते अवैध हथियार, अवैध शराब एवं अवैध गतिविधियों आदि पर जिला खरगोन मे पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर अंकुश लगाया जा रहा है । इसी तारत्मय में अवैध हथियार के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीरसिंह यादव के निर्देशन में जिले मे प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे थाना गोगांवा के व्दारा अवैध हथियार (पिस्टल) सप्लायर्स के विरुद्ध कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 09/06/23 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोगो के बीच मे हाथ से बनी हुई अवैध पिस्टल एवं कारतूस की खरीद फरोख्त होने वाली है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधीकारी श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी गोगांवा उनि.प्रवीण आर्य के निर्देशन मे पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुची । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर अपनी उपस्थिति छुपाकर देखा तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने



का प्रयास किया जिन्हे पुलिस टीम व्दारा घेराबंदी कर उसको पकडा । पक? मे आए व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम लखनसिंग पिता दिलीपसिंग सिकलीगर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर बताया । लखनसिंग की तलाशी लेने पर उसके पास से 12 नग अवैध पिस्टल एवं 03 जिंदा कारतूस मिले । उक्त आरोपी को थाने लाकर पुछताछ करने पर उसने अवैध पिस्टल ग्राम सिगनुर मे स्वयं व्दारा बनाकर बैचने हेतु लेकर आना बताया गया आरोपी के विरुध्द पूर्व मे थाना गोगांवा एवं जिले खरगोन के अन्य थानो तथा दिगर राज्य महाराष्ट के नागपुर के थाने पर अवैध हथियारो कि खरिद फरोख्त के संबधीत आर्मस एक्ट की अलग अलग धाराओ में अपराध पंजीबध्द है । आरोपी विगत दो वर्षो से फरार चल रहा था, जिसके स्थाई वारंट विगत दो वर्षो से लंबीत थे । आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य मामलों मे विस्तरत पुछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**-1. लखनसिंग पिता दिलीपसिंग सिकलीगर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, आरोपी के विरुध्द थाना गोगावा पर अपराध क्रं. 238/23 धारा 25(ए), 27 आर्मस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया ।

**पुलिस टीम**-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी गोगांवा उनि.प्रवीण आर्य के मार्गदर्शन मे उनि.करणसिंह डाबर, सउनि.अमजद खान, प्रआर.668 दिनेश मण्डलोई, प्रआर.21 किशोर पाटीदार, आर.277 हेमंत सपकाले, आर.17 अखीलेश मुकेश, आर.1046 फारुख खान, आर.1009 जितेन्द्र, आर.907 रावेन्द्र आर.906 हितेश टटवाडे, आर.905 राहुल पाली, मआर.987 डिंपी राय एवं सायबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा ।

## विनय आगलेचा ने कक्षा 10 वीं बोर्ड में 87.50 प्रतिशत हासिल कर समाज का नाम किया रोशन

**पुष्पाजंली टुडे**



पाली =मारवाड़ जंक्शन मेघावी छात्र विनय सीरवी आगलेचा ने 10 वीं कक्षा बोर्ड में 87. 50 प्रतिशत अंक हासिल कर कामयाबी हासिल की है। विनय की सफलता पर पिता राजकमल दादाजी भूराराम आगलेचा बैक मेनेजर एवं नानाजी बाबुलाल सेंणचा दिव्या साल्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं समाजसेवी रामलाल सेंणचा अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी समाज ट्रस्ट उज्जैन मध्यप्रदेश एंव अखिल महासभा महाराष्ट्र प्रांतीय पूर्व अध्यक्ष सी.ए. चुन्नीलाल लचेटा, सीरवी समाज सम्पूर्ण डॉट कॉम वेबसाइट परिवार की ओर से हार्दिक बधाई, अभिनन्दन एवं उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामनाऐ की गई। विनय आगलेचा शानदार सफलता हासिल कर गैलेक्सी स्कूल आउआ व गांव व परिवार का नाम रोशन किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव का ग्राम मालगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव का शुक्रवार को भाजपा



कार्यकर्ताओ ने ग्राम मालगांव में आत्मीय स्वागत किया । श्री साव प्रदेश व्यापी प्रवास कार्यक्रम के दौरान नगरी धमतरी से सरायपाली जा रहे थे। इस दौरान वे ग्राम मालगांव से होते हुए छुरा के लिए आगे ब? इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री रिखी राम यादव, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, भाजयुमो पूर्व कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, भाजपा आई टी सेल जिला संयोजक सागर मयाणी, सह मीडिया प्रभारी रितेश यादव, भाजयुमो पूर्व महामंत्री युगल समदरिया, फारुख चौधरी, शालिक राम निषाद, सलीम खान, सुद्धु राम निषाद, भुवनेश्वर निषाद, हेमलाल ध्रुव, राजकुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे ।

## रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाने ग्रामवासियों की बैठक सम्पन्न

### नौ दिवसीय विविध कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**अमलीपदर।** गत दिनों श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर आदर्श ग्राम अमलीपदर में रथजात्रा महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाने ग्राम शांति समिति की आवश्यक बैठक रखी गयी थी !बैठक में आचार्य युवराज पाण्डेय जी ने उपस्थित जनों से चर्चा करते हुए !रथजात्रा में आयोजित होने वाले समस्त धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा कि जानकारी बिन्दुवार दिए !इस इतना ही नही महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुओं के जनसैलाब को अनुशासित कर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने अमलीपदर थाना स्टाफ से वृहद चर्चा किया गया !तथा रथजात्रा महोत्सव के पूर्व ग्राम के समस्त चौक चौराहे पर साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया !जिस पर ग्राम के सरपंच सेवन सिंह पुजारी द्वारा त्वरित निराकरण कि बात कही गई !ज्ञात हो कि इस वर्ष



श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के तत्वाधान में नौ दिवसीय विविध धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है !जिसमें प्रमुख रूप से आगामी 19 जून से रथपूजन, ध्वज परिवर्तन,20 जून को महाप्रभु जी का रथजात्रा महोत्सव, तत्पश्चात निरंतर महाआरती, हरि संकीर्तन, महाआरती,मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ,माता सेवा(देवी जयगीत गायन), पौराणिक ओड़ि़या नाचा,अखंड रामायण पाठ, अष्टपहरी श्री राम नामयज्ञ,महामंत्र जाप,नगर कीर्तन,माता पहुंचनी आदि शामिल है !बैठक में प्रमुखरूप से समस्त ग्रामवासी,जनप्रतिनिधि गण, तहसीलदार, थाना स्टाफ, ग्राम के सरपंच,समस्त पंचगण एवं साहु समाज, चक्रधारी समाज, सिन्हा समाज, ब्राह्मण समाज, यादव समाज, हरिजन समाज, निषाद समाज बडी़ संख्या में श्रद्धालुभक्त शामिल हुए।

## सीजीपीएससी 2021 में अनियमितता को लेकर अभाविप ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परिक्षा 2021 के परिक्षा परिणाम में हुई अनियमितता के विरोध में आज अभाविप के द्वारा विधायक निवास का घेराव करते हुए विधायक डमरुधर पुजारी को ज्ञापन सौंपा कर उक्त प्रकरण की केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा उच्च स्तरीय एवम् विशेष टीम गठित कर जांच कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई 7 जिला संयोजक रंजन यादव ने कहा कि विगत 11 मई 2023 को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ 7 इस घोषित परीक्षा परिणाम के प्रवीण्य सूची के अध्ययन से ज्ञात होता है पहला स्थान से बीसवा स्थान प्राप्त अधिकांश अभ्यर्थी किसी न किसी अधिकारी अथवा नेता के परिवार से संबंध रखते है साथ इसमें ऐसे भी नाम है जो सगे भाई-बहन, और पति पत्नी भी है, इस सूची में लोक सेवा आयोग के चेयरमैन टॉमन सिंह सोनवानी के दत्तक पुत्र एवम् अन्य सगे संबंधियों ने भी स्थान प्राप्त किया है।

अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी



सदस्य अभिषेक ने कहा कि अभाविप प्रदेश के उन लाखों छत्तक्रष्ट की परीक्षा में भाग लिए युवाओं की आवाज बन कर आज प्रदेश के सभी विधायकों से मिलकर कुछ विशेष व्यक्तियों द्वारा भ्रष्टाचार के दरवाजे से डिप्टी कलेक्टर के साथ साथ प्रशासनिक पदो पर नियुक्ति की शिकायत करते हुए उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।नगर सहमंत्री मुकेश नायक ने कहा सीजीपीएससी 2021 के प्रावीण्य सूची में एक साथ केवल एक वर्ग के लोगों, भाई-बहन, भतीजा, पति- पत्नी का चयन होना महज एक इतिफाक नहीं है यह एक बड़े घोटाले की ओर इंगित कर रहा है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान प्र.का.स अभिषेक यादव, नगर सहमंत्री लिकेश नागेश,ठाकुर पथार, चंचल नागेश, रूपेश यादव, प्रभात दौरा, तेजेश बीसी, योगेश, दीपक कश्यप, घनश्याम, पुकेश, व सौरभ साहु उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बसई मैं पुलिस के विरोध मै आयोजित धरना प्रदर्शन कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री डी के शिवकुमार के दतिया आगमन के कारण स्थगित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

दिनांक 10 जून दिन शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बसई मैं पुलिस के विरोध मै आयोजित धरना प्रदर्शन कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री डी के शिवकुमार के दतिया आगमन के कारण स्थगित किया जाता है । उक्त धरना प्रदर्शन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवम समर्थकों के विरुद्ध थाना बसई द्वारा फर्जी एवम नियम विरुद्ध पंजीबद्ध प्रकरणों को लेकर पुनः 13 जून दिन मंगलवार को किया जाएगा । अतः जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों,ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण एवम पदाधिकारी गण ,युवा कांग्रेस एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस तथा सभी विभागों के अध्यक्ष गण और पदाधिकारी गण और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण प्रताड़ित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के समर्थन में धरना प्रदर्शन मैं आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

## पोहरी ब्लॉक अध्यक्ष बने अरुण खंगार सोनीपुरा

पोहरी। खिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर विक्की भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा संपूर्ण राष्ट संगठन के विस्तार समाज हित मैं समप्रीत समाज सेवियो को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए जा रहे हैं इसी क्रम में नगर पालिका पंचायत पोहरी से वार्ड क्रमांक 13 से अरुण खंगार सोनीपुरा को सामाजिक कार्य को देखते हुए क्षत्रिय खंगार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज सिंहके द्वारा जिला अध्यक्ष अकेश परिहार के द्वारा पोहरी का अध्यक्ष अरुण खंगार को बनाया गया उनकी कार्यशैली को देखते हुए सभी समाज में खुशी की लहर है एवं उन्होंने बताया है कि वह समाज हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## गोहरापदर में 14 जून को होगी मोदी सरकार के उपलब्धियों पर आमसभा विधायक सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने लिया सभास्थल का जायज़ा



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भाजपा छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है.14 जून को गोहरापदर होने वाली विशाल आम सभा जो लेकर तैयारियाँ तेज हो गई।क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन माँझी,ज़िला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा,मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने सभास्थल का जायज़ा लिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार कि 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की उपलब्धियों को जनता के बीच रखने के लिए विशाल आम सभा का आयोजन गोहरापदर के हाई स्कूल मैदान में होगा जहां प्रदेश के शीर्ष नेता पहुँचेंगे। इस दौरान किसान मोर्चा ज़िला कार्यसमिति सदस्य डमरुधर यादव,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हेमराज माँझी,युवा नेता दीपक सागर उपस्थित रहे।

# किसान को गले में चाकू मारकर फरार होने वाले सनसनीखेज मामले के आरोपियों की गैंग 12 घंटों के भीतर खरगोन पुलिस की गिरफ्त में

मामूली विवाद मे किसान को मारा था गले मे चाकू, पुलिस कप्तान सहित पाँच थानों का पुलिस बल लगा रहा रात भर सर्चिंग में, पाँच थानों के बल की मदद से जिले की सीमा को किया गया था सील, सभी आरोपी कम उम्र मे अपराध की दुनिया मे कमाना चाहते थे बड़ा नाम, मुख्य आरोपी ने इंस्टाग्राम पर अवैध चाकूओं के साथ कई विडिओ बनाकर अपलोड किए थे, मुख्य आरोपी सोशल मीडिया पर अपनी धाक जमाने के साथ ही जल्दी फेमस होना चाहता था, नशा करने के भी आदी है सभी आरोपीगण

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे
पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता जी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री तिलक सिंह जी द्वारा जिला खरगोन में हो रहे मारपीट, हत्या का प्रयास व हत्या जैसे सनसनीखेज आपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने के निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को उक्त संबंध मे पृथक से आदेशित किया गया था । जिसके परिणामस्वरूप थाना कोतवाली सहित चार थानों की पुलिस टीम को किसान के हत्या के प्रयास मे फरार आरोपियों को 12 घंटे मे गिरफ्तार करने मे मिली बड़ी सफलता।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:**दिनांक 08.06.23 को ग्राम देवली रोड पर सायं के समय पीड़ित दशरथ पिता गंगाराम पटेल अपने खेत पर काम कर रहा था । खेत के पास रोड पर दशरथ का लड़का भी जिससे पाँच अज्ञात लड़कों ने गलीगलोच कर मारपीट की तो लड़के ने अपने पिता को आवाज लगाकर बचाने के लिए बुलाया तो पीड़ित दशरथ दौड़कर अपने लड़के के पास पहुचा व पांचों अज्ञात लड़कों को समझाया । लेकिन पांचों लड़के बहुत ज्यादा शराब पिए हुए थे जो मारपीट करते हुए उनमे से एक ने दशरथ के गले मे चाकू मार दिया जो दशरथ के गले मे ही फसा रह गया । उसके बाद पांचों अज्ञात लड़के पैदल ही वहा से भाग गये। दशरथ को ग्रामीणों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहा चिकित्सकों द्वारा पीड़ित का प्राथमिक उपचार कर इंदौर रेफर कर दिया गया । उस दौरान पीड़ित ने पुलिस को बताया की पांच लड़के थे जो बहुत शराब पिए हुए थे व उन लड़कों के हुलिये भी बताए। अज्ञात



आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस कप्तान श्री धर्मवीर सिंह द्वारा थाना कोतवाली, बरुड, ऊन, बिस्टान व भगवानपूरा को लगाया गया । रात मे ही बड़ी संख्या मे पुलिस बल द्वारा जिले की सीमा को सील कर दिया गया व आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई। पुलिस चेकिंग व सख्ती के कारण उक्त चारों लड़के जिले की सीमा से बाहर तो नहीं जा पाए किन्तु रात के अंधेरा का फायदा उठाकर अपने छुपने का स्थान बदलते रहे । अगले दिन सुबह होते ही पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों मे सर्चिंग ओर बड़ा दी । संदिग्धों के फोटो उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर से मिलने के बाद पुलिस द्वारा उनके फोटो सभी जगह वाइरल कर दिए। जिसके परिणामस्वरूप विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उक्त चारों लड़के भगवानपुराय थाना क्षेत्र के धूलकोट के आसपास देखे गये है। उक्त सूचना के आधार पर तत्काल सभी पुलिस टीमों द्वारा धूलकोट के चारों ओर घेराबंदी कर तलाश की गई तो चारों संदिग्ध पुलिस सर्चिंग देख भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस बल द्वारा सभी को पकड़ लिया गया। आरोपियों को थाना कोतवाली मे हत्या का प्रयास करने के तहत गिरफ्तार किया गया जिनकी पुलिस रिमान्ड लेकर घटना से संबंधित सभी जानकारी ली जावेगी व मामले का निकाल जल्द से जल्द कर पीड़ित किसान को न्याय दिलाया जावेगा। साथ ही पुलिस कप्तान द्वारा बताया गया की किसानों से संबंधित हर मामले मे विशेष टीम गठित कर प्रकरण मे विवेचना पूर्ण कर चार्जशीट जल्द से जल्द माननीय न्यायालय पेश कर आरोपियों को सख्त सजा दिलवाई जावेगी व संबधित पुलिस टीम को प्रशस्त्री पत्र व नगद इनाम से पुरस्कृत किया जावेगा ।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1.गणेश पिता वेचान नि वड़िया गोखराली बेड़ी थाना भगवानपुरा
2.पिंटू पिता भूरिया बड़ोले नि ककड़िया फाटा पिपलिया बावड़ी थाना भगवानपुरा
3.सुनील पिता भूरिया बड़ोले नि ककड़िया फाटा पिपलिया बावड़ी थाना भगवानपुरा
4.बादल पिता डोंगरसिंह भूरिया नि थरपुर थाना भगवानपुरा
5.जितेंद्र पिता भूरिया चौहान नि डाबला थाना बिस्टान

**पुलिस टीम**-उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री राकेश मोहन शुक्ला के नेतृत्व मे परिवीक्षाधीन आईपीएस श्री आनंद कलादगी एवं थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी बरुड, थाना प्रभारी भगवानपुरा, थाना प्रभारी ऊन, थाना प्रभारी बिस्टान सहित उक्त थानों का बल, विशेष पुलिस शेरा टीम एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय कार्य रहा।

# साधु समाज के सम्मान के साथ बाबा उमाकान्त जी के दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग व नामदान कार्यक्रम का लखनऊ में शुभारंभ

## स्थाई नशामुक्ति के लिए बंद करें नए लाइसेंस देना, बनाएं ठोस योजना- जनता और सरकार से बाबा उमाकान्त जी की अपील

लखनऊ (उ.प्र.) विश्वविख्यात परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी एवं शाकाहार, सदाचार, नशामुक्ति, शराब बंदी, गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने और देश-दुनिया में जयगुरुदेव नाम का प्रचार करने वाले उज्जैन के पूज्य सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज के आह्वान पर 10-11 जून को विशाल सतसंग एवं नामदान कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 9, शहीद पथ, लखनऊ में होगा जिसमे 10 जून को प्रातः 5 एवं सांय 4 बजे से तथा 11 जून प्रातः 5 बजे से सतसंग एवं नामदान दिया जाएगा। इस आध्यात्मिक और वैचारिक धर्म समागम में शामिल होने के लिए भारत के कोने-कोने से लाखों की संख्या में भक्त लखनऊ पहुँच रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के नशा मुक्त अभियान को मिला बाबा उमाकान्त जी से आशीर्वाद**-सम्पूर्ण धरा पर शाकाहार, सदाचार, नशा मुक्ति, शराबबंदी के साथ गुरुभक्ति, देशभक्ति और ईश्वरवादी मानव समाज के निर्माण के लिए वैचारिक क्रांति की मशाल जलाने वाले बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यत्मिक उत्तराधिकारी पूज्य सन्त बाबा उमाकान्त जी के सतसंग व नामदान कार्यक्रम में लखनऊ आगमन पर केंद्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर ने शहीदपथ मैदान पर आकर महाराज जी का स्वागत कर, उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही महाराज जी द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति एवं शाकाहार अभियान की सराहना करते हुए मंत्री जी ने स्वयं नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में महाराज जी से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य 2023 में 23 करोड़ लोगों को नशा मुक्ति की विचारधारा से जोड़ना है। उनके इस संकल्प को आशीर्वाद देते हुए महाराज जी ने कहा कि आप लोग इस समय पावर में है, अतः एक कमिटी बनाकर एक मजबूत योजना बनाइये। हम और हमारी जयगुरुदेव संगत इसमें आपका पूर्ण सहयोग करेगी। हमारा लक्ष्य ही



शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त समाज का निर्माण है, अतः इस उद्देश में हम आपके साथ। 2047 तक पूर्ण नशामुक्त भारत के संकल्प पर केंद्रीय मंत्री जी से महाराज जी ने अपील कि की समस्या की जड़ को ही काट दिया जाए तो स्थाई समाधान मिल सकता है। सरकार (नशे की दुकानों के) नए लाइसेंस देना बंद कर दे। इससे नशामुक्ति हो जाएगी और आप लोगों का नाम हो जाएगा। कौशल जी ने अपने नशामुक्ति कार्यक्रमों में महाराज जी को आने का निमंत्रण देते हुए प्रार्थना करी की वे उनके मिशन के लिए आशीर्वाद दें। महाराज जी ने भी मीडिया से चर्चा करते हुए जनता से शाकाहारी, नशामुक्त रहने की प्रार्थना करते हुए कहा कि ऐसे किसी नशे का सेवन न करे जिससे बुद्धि पागल हो जाये और माँ बहन बेटी की पहचान खत्म हो जाये। महाराज जी ने लोगों से प्रकृति और सरकार के नियमों का पालन करने और कौमवाद, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद आदि पर अंकुश लगाने का आह्वान किया। भारत के सबसे बड़े लोकतंत्र सेनानी गोष्ठी एवं सम्मान के साथ **साधु, पत्रकार समाज के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन**-गुरुभक्ति और देशभक्ति के साथ लोक-परलोक दोनों बनाने का रास्ता दिखाने वाले बाबा उमाकान्त जी के इस विशाल आयोजन में उ.प्र. के हज़ारों लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) को आमंत्रित कर उनकी गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन भी 10-11 जून को किया जाएगा। साथ ही लखनऊ के समस्त साधु समाज व पत्रकार समाज के लिए विशेष सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। विशेष बात ये है कि इन सामाजिक आयोजनों में महाराज जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और सभी को अपना आशीर्वचन देंगे।

**बाबा जयगुरुदेव संगत द्वारा विशाल आयोजन के लिए भव्य व्यवस्था**-संगत के जिम्मेदारों ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आने वाले हजारों-लाखों भक्तों के आवास, भोजन, सुरक्षा, शौचालय हेतू बाबा जयगुरुदेव संगत उप्र द्वारा शहीद पथ, सेक्टर 9 के कई एकड़ में फैले विशाल मैदान में भव्य तैयारियां की गई, जिसमें हजारों टेंट-रावटियाँ, विशाल सतसंग पांडाल, 200+ शौचालय, 25+ पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है। इस जनकल्याण और आत्मकल्याण के दो दिवसीय आयोजन में सभी तैयारियां भक्तों द्वारा स्वयं की जा रही है तथा इसमें परम् पूज्य महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधि, नेता एवं मंत्रीगणों का भी आगमन मैदान पर होगा। कुल मिलाकर परम् पूज्य महाराज जी से दया और आशीर्वाद लेने के लिए पधार रहे लाखों भक्तों द्वारा लखनऊ की धरती पर दो दिनों तक जयगुरुदेव नाम गुंजायमान रहेगा।






# राईट चैलेंज फेस 2 के विजेताओं को विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया

*रीवा। 7 जून 2023 को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर देश के 260 जिलों की बीच में आयोजित ईट राईट चैलेंज फेस 2 के विजेताओं को विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा0 मनसुख मांडवीया, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रोफेसर एस पी एस बघेल द्वारा विजेता जिलों को प्रदान किए गए। गौरतलब है कि देशभर के 260 जिलों के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिलों को ही विजेता घोषित किया गया है । रीवा जिले ने 83त्न अंक प्राप्त कर 13 स्थान प्राप्त किया था उक्त आयोजन में जिले का प्रतिनिधित्व ईट राइट चैलेंज फेस टू के नोडल अधिकारी साबिर अली के द्वारा कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया ।*



# पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन को कर्मचारी संगठनों का समर्थन

## प्रतिबंध आदेश की प्रति जली

घरघोड़ा। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ का अपने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 15 मई से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज घरघोड़ा कर्मचारी भवन में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सभी पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किए एवं अपने मांगों के समर्थन में बैठे पटवारी संघ के आंदोलन पर एस्मा लगाए जाने का विरोध किया । इसके पहले पटवारी संघ का जो आंदोलन हुआ था उसकी समाप्ति पर जिन बातों पर सहमति बनी थी उसका भी आज तक आदेश प्रसारित नहीं हुआ है, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी पूरे प्रदेश में पटवारी संघ के आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और किसी भी दमनकारी कार्यवाही का विरोध कर रहे हैं। प्रतिबंधात्मक आदेश की प्रति को चलाकर उसका विरोध आंदोलन रब सभी लोगों ने किया। कर्मचारी हितों के साथ लगातार कुठाराघात हो रहा है शासन अभी तक आंदोलनरत संगठनों से वार्ता कर आंदोलन को समाप्त ना कर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर रही है जिससे पटवारियों के साथ-साथ सभी संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों में विरोध है। प्रदेश के कर्मचारी अभी भी केंद्र के कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता नहीं मिल रहा है ना ही गृह भाड़ा भत्ता मिल रहा है। वेतन विसंगतियां पहले से व्याप्त है। 4 पदोन्नत वेतन मान पर भी कोई निर्णय अभी तक नहीं आया केंद्र के समान महंगाई भत्ता की घोषणा गाय का इंतजार करते-करते अधिकारी एवं कर्मचारी आक्रोशित हैं।

# भारतीय संस्कृति का अनुपम केंद्र गुरुकुल तूरंगाः उमेश पटेल

## 100 से अधिक कन्याओं को भारतीय संस्कृति का प्रशिक्षण, आत्मरक्षा के लिए शारीरिक व्यायाम एवं जूडो आदि का प्रशिक्षण, नारी ही करती है समाज का निर्माण आचार्य राकेश



पुसौर। गुरुकुल आश्रम तुरंगा में आर्य वीरांगना शिविर के अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल आश्रम के संचालक आचार्य राकेश ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उमेश नंदकुमार पटेल उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन थे। कार्यक्रम में डॉ सुरेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष संस्कृत विद्या मंडल श्री निराकार पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ श्री दिलीप पांडे जी सदस्य बीज निगम श्रीमती गोपीका गुप्ता सदस्य जिला पंचायत रायगढ़ कोमा डॉ रामकुमार पटेल संचालक आर्य वीर दल छत्तीसगढ़ थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री उमेश नंदकुमार पटेल उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा- आर्ष गुरुकुल तुरंगा भारतीय संस्कृति का अद्भुत केंद्र है। मुझे यहां आकर बहुत प्रसन्नता हुई। आने वाले दिनों में यह भारतीय संस्कृति तथा संस्कृत का महान केंद्र बनेगा। आचार्य राकेश जी लगातार मेहनत करके इस आश्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। शिक्षा के साथ अगर संस्कार ना हो तो शिक्षा का मूल्य कम हो जाता है। गुरुकुल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार को भी देने का प्रयत्न करता है। डॉ सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा- संस्कृत और संस्कृति ही भारत की मुख्य पहचान है। हमें इसकी रक्षा करने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान लगभग सवा सौ आर्य वीरांगना कन्याओं ने व्यायाम मलखंब कदमताल जूडो आदि का प्रदर्शन किया। कन्याओं ने कहा हम भारत के नारी हैं फूल नहीं चिंगारी हैं। हरि सिंह, कृतिपाल, राजेंद्र ,चंदा, ऋतु ,प्रीति ने कन्याओं को प्रशिक्षण दिया। डॉ रामकुमार पटेल एवं कपिल शास्त्री ने वीरांगनाओं का मार्गदर्शन किया।

**प्रतिभाओं का किया सम्मान**-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल एवं गणमान्य अतिथियों ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। कक्षा 12वीं की टॉपर विधि भोसले का सम्मान किया गया। कक्षा दसवीं की खुशी पटेल एवं रानी नहाना को शीर्ष अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के 24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दिवंगत आर्य जनों को भी सम्मानित किया गया। स्वर्गीय डॉ एस आर मलेवार, स्वर्गीय दयाराम वर्मा, एवं शक्ति रियासत के वैद्य डॉ मंगलू राम आर्य को भगत श्री राम पटेल सम्मान से सम्मानित किया गया। वैदिक विद्वान आचार्य डॉ अजय आर्य को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को कुंज देव मनीषी, डॉ वेदव्रत शास्त्री, राकेश दुबे डॉ अजय आर्य सुधीर गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

**विद्यालय भवन का शिलान्यास**-मुख्य अतिथि उमेश नंद कुमार पटेल एवं आर्य समाज के पदाधिकारियों ने विद्यालय भवन का शिलान्यास



किया। आचार्य राकेश ने जानकारी देते हुए कहा-लगभग 10 कक्षाओं के सर्व सुविधा युक्त कमरों का निर्माण किया जाना है जिसकी लागत लगभग ड़ 6000000 हैं। कार्यक्रम में जनकराम, विभूति, कन्हू आर्य, सुरेश कुमार, विवेकानंद ,दीपकअग्रवाल अनीता आर्य सुधीर गुप्ता ज्योतिर्मय लक्ष्मण प्रसाद साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वीरांगनाओं के शौर्य प्रदर्शन को देखने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोग उमड़ पड़े।

# अग्रवाल नर्सिंग होम का एक और सराहनीय कदम, 5 मशीनों से बना जिले सबसे बड़ा एडवांस डायलिसिस यूनिट



बसना। अग्रवाल नर्सिंग होम का एक और सराहनीय कदम, 5 मशीनों से बना जिले सबसे बड़ा एडवांस डायलिसिस यूनिट पॉजिटिव पेशेंट जोकि प्रदेश के कुछ ही अस्पताल में अपना डायलिसिस करा पाते हैं, उन्हें अब अपने ही शहर बसना में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसके लिए अलग वातानुकूलित कछ संगीतमय माहौल ,स्वल्पाहार,एवं मरीज की सुरक्षा को देखते हुए सभी जीवन रक्षक प्रणाली से लैस आईसीयू बैकअप के साथ मेडिसिन विशेषज्ञ तथा किडनी विशेषज्ञ की देखरेख में प्रतिदिन निशुल्क डायलिसिस की सुविधा का शुभारंभ किया गया है। आज से लगभग 2 महीने पहले एक ही मशीन से डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ किया गया था जिससे 100 से अधिक मरीजो को निशुल्क डायलीसिस का लाभ प्राप्त हुआ।परंतु मरीजो की जरूरत एवं पॉजिटिव पेशेंट जो बहुत दूर जाकर अपना इलाज करा रहे थे, उनके लिए अब यह सुविधा का विस्तार किया गया जो कि संजीवनी के रूप में कार्य करेगी। हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर अग्रवाल ने बताया की 5 मशीनों के लगाने से मरीजो को डायलीसिस में कम टाइम लगेगा तथा हम एक ही दिन में 10 मरीजो को डायलीसिस की सुविधा दे पाएंगे। हमारी टीम में 3 विशेषज्ञ डॉक्टर एवं 15 साल से अधिक अनुभवी डायलीसिस टेक्नीशियन शामिल है।ताकि किसी भी आपातकालीन स्थितियों को अच्छे से संभाला जा सके।आप सभी का सहयोग एवं फीडबैक का स्वागत है।

# बहुप्रतीक्षित बोरीदा से साल्हे सड़क निर्माण की भूमि पूजन कर विधायक उत्तरी जांगड़े ने क्षेत्रवासियों को दी सौगात

## सारंगढ़ः- ग्राम वासियों व जनप्रतिनिधियों ने विधायक उत्तरी जांगड़े को साग भाजी से तौल कर किया अभूतपूर्व स्वागत

सारंगढ़।बोरीदा से साल्हे सड़क पहुंच मार्ग के डामरीकरण 1 किलोमीटर के भूमि पूजन कर श्रीमती उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़ ने क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ी सौगात दी है इस अवसर पर भव्य भूमि पूजन समारोह आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती उतरी जांगड़े विधायक सारंगढ़ विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम साहू,अरुण मालाकार जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायगढ़, श्रीमती अनीका भारद्वाज जिला पंचायत सभापति,श्रीमती सविता चौहान सरपंच जिला कांग्रेस महामंत्री विष्णु चंद्रा,विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े,नरेश चौहान जनपद सदस्य,राजकमल अग्रवाल जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, महेंद्र गुप्ता राजीव व मितान क्लब विधानसभा समन्वयक, लैलून भारद्वाज छत्तीसगढ़क्रांतिकारी शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष,राकेश पटेल ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष विनोद भारद्वाज युवा कांग्रेस विधानसभा प्रभारी,छतराम निराला सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, श्याम पटेल विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग की गरिमामय उपस्थिति में भूमि पूजन समारोह आयोजित हुई जहां सर्वप्रथम विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े के आगमन पर ग्राम वासियों एवं जनपद सदस्य नरेश चौहान की अगुवाई में करमा नृत्य के साथ समस्त ग्राम वासियों व जनप्रतिनिधियों ने समस्त अतिथियों का अभूतपूर्व स्वागत किया एवं गांव की गलियों में विधायक उत्तरी जांगड़े जी का जगह-जगह आरती पुष्पमाला पहनाकर एवं मरार समाज ने साग भाजी से तौल कर अभिनंदन किया तत्पश्चात कुदाली चला कर विधायक उतरी जांगड़े एवं विशिष्ट अतिथियों ने सड़क का भूमि पूजन किया आगे समस्त अतिथि गण मंचासीन हुए जहां अतिथियों का ग्राम वासियों ने पुष्प हार से स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम को सर्वप्रथम अनिका भारद्वाज ने संबोधित किया और कहां आप सब ने बहुत बढ़िया स्वागत किया उसके लिए बधाई हमारी



सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है आगे भी करेगी इसी कड़ी में गौ सेवा आयोग के सदस्य पुरुषोत्तम साहू ने भी संबोधित किया और सरकार की योजनाओं को बतलाए व ग्राम वासियों को बधाई दी आगे जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायगढ़ अरुण मालाकार ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत बड़ी खुशी की बात है कि आपके गांव की सड़क की भूमि पूजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ लगातार आप सब ने सड़क की मांग करते रहे जिसे ध्यान में रखते हुए विधायक उतरी जांगड़े जी ने रोड की स्वीकृति दिला कर आप सबको सौगात दी है इस अवसर पर लेंध्रा छोटे के दर्जनों भाजपा के साथियों ने कांग्रेस के रीति नीति से प्रभावित होकर आज हमारी पार्टी में शामिल हुए में सभी का अभिनंदन स्वागत करता हूं आप सब के सहयोग से कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी यही आशा और विश्वास है हम सदैव आपके साथ खड़ा रहेंगे आप सबको पता है कि भूपेश बघेल की सरकार लगातार विकास कार्य कर रहे हैं युवा किसान मजदूर महिला सभी वर्ग खुशहाल है आज गौठान के माध्यम से महिलाएं पैसा कमा रही हैं और घर चला रही हैं हमारी सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ आगामी वर्ष में 28 रुपए में धान खरीदी हमारी सरकार करेगी और प्रति एकड़ 20 कुंटल की धान खरीदी होगी इस तरह हमारी सरकार ने सारंगढ़ की वर्षों पुरानी मांग जिला की सौगात दी है तो आप सबको पुनः भूपेश बघेल की सरकार बनानी है उनके हाथ को मजबूत करते हुए विधायक उतरी जांगड़े के ऊपर आशीर्वाद बनाना है और काम करने वाले के हाथ को मजबूत बनाना है आप सब ने शानदार स्वागत किया उसके लिए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामना अंत में कार्यक्रम को विधायक श्रीमती उतरी जांगड़े ने संबोधित किया और कहा कि करमा नृत्य के साथ आप सब ने स्वागत करते हुए मंच तक लेकर आएं घर घर आरती और मरार समाज के भाई बहनों ने साग सब्जी से तौल कर अभूतपूर्व स्वागत किया जिसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगी इस रोड में हमारे पढ़ने वाले बच्चे एवं आने जाने वाले सभी लोगों को बहुत परेशानी होती थी लगातार आप सब के द्वारा एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मांग की जा रही थी जिसे आज भूमि पूजन कर आप सबको सौगात दिए हैं आप सबको पता है हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही हैं किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ प्रति एकड़ 20 कुंटल की खरीदी हमारी सरकार करेगी।

# समीक्षा गुप्ता को छोड़कर सभी का प्रचार करूंगा: नारायण सिंह कुावाह

## प्रधानमंत्री के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

**ग्वालियर।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिछडा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने आज कहा कि आगामी विधानसभा में उन्हें टिकट मिला तो वह स्वयं अपनी जिम्मेदारी से चुनाव लडकर इस बार विजयी होंगे । वहीं यदि पार्टी ने किसी को भी टिकट दिया तो केवल पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता को छोडकर वह जिसे भी टिकट मिलेगा उसका जी जान से प्रचार कर उसे जिता कर विधानसभा में भेजेंगे। पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह आज अपने निवास पर जन्म दिवस पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता के पक्ष में प्रचार नहीं करेंगे। यदि पार्टी उन्हें श्रीमती समीक्षा गुप्ता को टिकट देती है तो वह राज्य में किसी अन्य सीट पर चुनाव प्रचार के लिए चले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि विगत 2018 के चुनावों में पूर्व मंत्री पूर्व महापौर की जिद के बाद विधानसभा में निर्दलीय खडे हो जाने के बाद मात्र 121 वोटों से पराजित हो गये थे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कि ग्वालियर दक्षिण पर पूर्व मंत्री जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे है भी दावेदारी ठोंक रहे हैं यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वह अनूप मिश्रा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने




कहा कि पार्टी ने उन्हें पार्षद से लेकर विधायक तथा मंत्री बनाया। वह तो साधारण से किसान थे। पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है अब भगवान की मर्जी है कि उन्हें पार्टी योग्य समझेगी तो टिकट देगी अन्यथा जिसे भी टिकट देगी उसका कार्य करेंगे केवल पूर्व महापौर समीक्षा को छोडकर ।

एक अन्य प्रश्न कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उनसे संपर्क मे हैं के जबाब में नारायण सिंह ने कहा कि उनसे कई नेताओं से बात होती रहती है लेकिन अभी तक किसी ने उनसे कांग्रेस सहित अन्य पार्टी में आने का नहीं कहा है अन्य नेता भी जानते हैं कि नारायण सिंह किसी अन्य दल में नहीं जायेगा। इसलिये इस प्रकार की कोई बात कहता भी नहीं है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नारायण सिंह ने केन्द्र की भाजपा नीत सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने बताया कि पार्टी ने जनसंपर्क कार्यक्रम के लिए एक मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 जारी किया है वहीं पार्टी ने एक गीत भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि 30 मई से 30 जून तक प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर वह सभी समाज के प्रतिष्ठित लोगों के घरों पर जाकर जनसंपर्क करेंगे ही वहीं घर घर कार्यकर्ताओं के साथ जाकर उन्हें केन्द्र की उपलब्धियों विकास कार्यो तथा महिलाओं की योजनाओं की जानकारी देंगे। वहीं बीते नौ सालों में भारत ने पॉलिसी पैरालिसिस से डिसाइसिव पॉलिसी और अर्थव्यवस्था में फ्रेजाइल फाइव से टॉप फाइव की यात्रा को बताया जायेगा।

# सुखदेव आश्रम शुक्रताल तीर्थ में श्रीमद् भागवत कथा भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई

**ग्वालियर।** सुखदेव आश्रम शुक्रताल तीर्थ में श्रीमद् भागवत कथा आज से प्रारंभ हुई जिसमें ग्वालियर शहर के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज बाचन किया जिसमें परीक्षित बनने का सौभाग्य श्रीमती विजयलक्ष्मी भटनागर पवन भटनागर जीवाजी गंज को प्राप्त हुआ है आगे शास्त्री जी ने बताया कि यहां शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित जी को श्रीमद्भागवत की कथा सुनाई थी पांच हजार वर्षों से भी ज्यादा पुराना वटवृक्ष मौजूद है, जिसकी छाया में बैठकर प्रवचन सुने गए थे। यहां किसी न किसी आश्रम में ज्ञान, भक्ति और वैराग?य की त्रिवेणी श्रीमद्भागवत कथा पर संतों एवम भागवताचार्ययो के प्रवचन होते हैं यूं तो हमारा पूरा देश हमेशा से ऋषि मुनियों की तपोभूमि रहा है लेकिन इन सभी जगहों में से एक शुक्रताल ऐसा तीर्थ स्थान है, जहां देश के हर प्रांत के श्रद्धालुओं की आवा जाही पूरे साल लगी रहती है। ऐसा कि इस स्थान पर कथा सुनने का अपना अलग महत्व है आगे शास्त्री जी ने कहा कि ऐसे दुर्लभ भागवताचार्य हैं हम जिन्हें बैठकर यहां कथा सुनाने का मौका मिला है जिनके ऊपर भगवान की कृपा होती है वहीं इसी स्थान पर बैठकर के भागवत कथा सुन और सुना है इस अवसर पर सैकड़ो भागवत प्रेमी कलश यात्रा में शामिल होकर भागवत कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



# ग्वालियर की 3 लाख 5 हजार 895 लाड़ली बहनों के खातों में 10 जून को आयेंगे एक-एक हजार

**ग्वालियर।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में 10 जून ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन ग्वालियर के साथ-साथ समूचा मध्यप्रदेश देश में अपनी एक अलग पहचान लेकर उभरने वाला है। इस दिन ग्वालियर जिले में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्ग की 3 लाख 5 हजार 895 बहनों के जीवन में खुशियों के रंग भरने के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत एक-एक हजार रूपये उनके बैंक खातों में अंतरित होंगे। दस जून को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर मुख्यालय से शाम 6 बजे राज्य स्तरीय समारोह में बहनों से संवाद कर सिंगल क्लिक से यह राशि अंतरित करेंगे। ग्वालियर जिले के सभी नगरीय निकायों के हर वार्ड और ग्रामीण अंचल के अंतर्गत हर गाँव में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत कार्यक्रम होंगे। यहाँ उपनगर ग्वालियर के इंटक मैदान में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और ग्राम कुलैथ में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले भर में इस दिन ला?ली बहना योजना के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं नगरीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण जगह-जगह शामलि होंगे। देश की अनूठी इस योजना के प्रति बहनों में जो उत्साह देखने को मिला है, वह अनुपम है। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा 5 मार्च 2023 को इस योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना के तहत ग्वालियर जिले के अंतर्गत 3 लाख 5 हजार 895 महिलाएँ लाभान्वित होने जा रही हैं। प्रदेश की बहनों को इंतजार है 10 जून की शाम 6 बजे का, जब मुख्यमंत्री श्री चौहान सभी पात्र बहनों के बैंक खाते में एक-एक हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इस दिन और समय को यादगार बनाने के लिये सभी जिलों में अनेक गतिविधियों के साथ उत्सव का माहौल रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान के दिल से निकली ÷ मुख्यमंत्री ला?ड़ली बहना योजना÷ बहनों की जिन्दगी को आसान बनाने और खुशियों से भरने में अहम भूमिका अदा करेंगी। मुख्यमंत्री चौहान अकसर कहते रहते हैं कि प्रदेश की मेरी बहनों के लिये खुशहाली का नया दौर प्रारंभ हो रहा है, आइये उत्सव के साथ खुशियाँ मनाएँ।

# क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर को मिला एनएबीएल और आईएसओ का सर्टिफिकेट

**ग्वालियर।** केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार का स्वायत्त संगठन है। इसके क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर को नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर हास्पीटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स एनएबीएल तथा एक्रीडेशन बोर्ड फॉर अेस्टिंग एंड कालीब्रेशन लेबोरेटरीज का आईएसओ आईईसी सर्टिफिकेट मिला है। इससे ग्वालियर के मरीजों को अब और बेहतर सुविधाएं क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पर मिल सकेंगी । उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ एके मीना और डॉ अनिल मंगल ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर की स्थापना 1970 में हुई थी। यह संस्थान प्री क्लिनिकल रिसर्च एंड ड्रग मानकीकरण के केन्द्रित जनादेश के साथ अनुसंधान में लगा हुआ है। संस्थान को एनएबीएस द्वारा आईएसओ आईईसी 17025–2017 एनएबीएच ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी डीटीएल की मान्यता प्राप्त है। वहीं प्रीक्लिनिकल रिसर्च करने के लिए सीसीएसईए पंजीकृत प्रायोगिक पशु गृह सुविधा युक्त है। संस्थान के अनुसंधान क्षेत्रों में क्लिनिकल रिसर्च , बाह्य रोगी विभाग, अंतरंग रोगी विभाग , पंचकर्म , क्षारसूत्र ओटी , क्लिनिकल पैथोलोजी प्रयोगशाला और एक्सरे के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं शामिल हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर के आयुर्वेद, फार्माकोग्रॉसी,




बायोकैमिस्ट्री, फार्माकोलोजी और एनिमल पैथोलोजी विभागों जैसे विभिन्न वर्गो ने औषधि मानकीकरण , प्री क्लिनिकल रिसर्च और क्लिनिकल रिसर्च से संबंधित बहु विषयक अनुसंधान गतिविधियों के समन्वय के लिए अपने मिशन की खोज में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। डॉ मीना ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ग्वालियर द्वारा सस्ती स्वास्थ्य सेवा, ज्ञान का आधार तैयार करना और आयुर्वेद के भविष्य के दायरे का पोषण करना, टीएसपी के तहत जनजातीय स्वास्थ देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम, अनुसूचित जाति उप योजना के तहत आयुर्वेद मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम और आयुर्वेद में अनुसंधान और विकास से संबंधित कई अन्य कार्य संस्थान द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईएलएसी और आईएएफ के बीच एक संयुक्त प्रयास के बाद 2007 में विश्व प्रत्यायन दिवस अस्तित्व मं आया। विश्व प्रत्यायन दिवस नौ जून को मनाया जाता है। इसका उददेश्य विभिनन क्षेत्रों में प्रत्यायन की भूमिका को पहचानना और बढावा देना है। इस दिन का उददेश्य स्वास्थ्य सेवा प्रयोगशालाओं, प्रमाणन निकायों और अनुरूपता मूल्यांकन सेवाओं जैसे उद्योगों में क्षमता विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के में मान्यता के मूल्य और लाभों के बारे में जागरूकता बढाना है। उन्होंने बताया कि 2023 का विषय प्रत्यायन– वैश्विक व्यापार के भविष्य का समर्थन है जो इस बात पर केन्द्रित है कि मान्यता संयुक्त राष्ट सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी का समर्थन कैसे करती है। पत्रकार वार्ता में डॉ सविता शर्मा, डॉ बीएस सिसोदिया आदि मौजूद थे।

# पदयात्रा: विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता से सीधे संपर्क किया



ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के मेला ग्राउण्ड ब्लॉक में शाम 6 बजे वार्ड 21 के शहीद उधमसिंह चौराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा शुरू की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। पद यात्रा शहीद उधमसिंह चौराहा से प्रारम्भ होकर विवेक नगर एवं सिद्धार्थ नगर की सभी गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर क्षेत्रीय नागरिकों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, कार्यकारी अध्यक्ष चर्तुभुज धनोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, पार्षद केदार बरहादिया, प्रमोद खरे, श्रीनिवास गुर्जर 'घल्लो', सत्यभान चौहान, शोभाराम माहौर, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, राहुल गुर्जर, आदित्य सेंगर, रेखा जाटव, रोहित धनोलिया, गौरव मिगेश, संतोष शर्मा, रामकिशन शर्मा, वीरेन्द्र यादव, शोभाराम माहौर, गुरेन्द्र सिंह एड., महेन्द्र शर्मा 'विक्की', रामसेवक माथुर, सुनील चंद्रवंशी, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।



# राज्य मंत्री कुशवाह ने विभिन्न वार्डों में महिलाओं को सौंपे लाड़ली बहना के स्वीकृति पत्र

ग्वालियर। नादिरा, शबनम, मनोरमा, सावित्री और उनके साथ आई अन्य बहनों को जब उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने मुख्यमंत्री लाड़?ली बहना के स्वीकृति पत्र सौंपे तो उनका उल्लास व खुशी देखते ही बनी। इन सभी महिलाओं ने मंत्री कुशवाह के साथ सामूहिक रूप से खड़े होकर फोटो खिंचवाई। साथ ही राज्य मंत्री कुशवाह से आग्रह किया कि हम सब बहनाओं की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद कहिएगा। शुक्रवार को मंत्री कुशवाह ग्वालियर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में ला?ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र वितरित करने पहुँचे थे।

राज्य मंत्री कुशवाह ने इस दिन ग्वालियर शहर के वार्ड-64 के अंतर्गत शंकरपुर व द्वारिकापुरी, वार्ड-63 के अंतर्गत जलालपुर व जमाहर तथा वार्ड-62 की विभिन्न बस्तियों में आयोजित हुए अलग-अलग कार्यक्रमों में इस क्षेत्र की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर राज्य मंत्रीकुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं का सम्मान बड़ाने के साथ-साथ उनकी आवाज बुलंद करने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई योजनाओं की बदौलत महिलाओं की जिंदगी में सुखद बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि इंतजार की घड़ियाँ अब समाप्त हो गई हैं 10 जून को सायंकाल 6 बजे से सभी ला?ली बहनाओं के खातों में एक ङ्क एक हजार रूपए पहुँचना शुरू हो जायेंगे।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

# पाँच आदतन अपराधी जिला बदर

**ग्वालियर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने 5 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही 6 आदतन अपराधियों को संबंधित थाने में 50-50 हजार रूपये के बंध पत्र भरने के अलग-अलग आदेश दिये हैं। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किए हैं।




जिला बदर किये गये अपराधी को जिले से बाहर जाने के बाद हर माह अपने निवास स्थान की सूचना रजिस्टर्ड डाक से संबंधित पुलिस थाने को अनिवार्य रूप से देनी होगी। इसी तरह सदाचार बरतने के लिए बंध पत्र भरने वाले अपराधियों को हर माह निर्धारित तारीख को संबंधित पुलिस थाने में अपनी हाजिरी देना होगी। जिला दण्डाधिकारी सिंह ने आदतन अपराधी लाला उर्फ आकाश निवासी चंदनपुरा हजीरा, मोन्टी उर्फ उदय प्रताप सिंह निवासी विजय नगर आमखो कम्पू व जितेन्द्र तोमर निवासी लाल टिपारा मुरार को एक वर्ष के लिये जिला बदर कर दिया गया है। इसी तरह महेश जाटव निवासी तिकोनिया मुरार व विजय शर्मा निवासी चंदनपुरा बिरलानगर हजीरा को 4 ङ्क 4 माह के लिये जिला बदर किया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी मोनू बाल्मीकि निवासी हरिजन बस्ती तिकोनिया मुरार, मोनू खां निवासी बंशीपुरा मुरार, अन्नू उर्फ रामसेवक निवासी तारागंज, मदारा उर्फ शहजाद खान निवासी कृष्णा कॉलोनी दरगाह के पास घासमंडी ग्वालियर, शिब्बू उर्फ आशीष तोमर निवासी न्यू कॉलोनी नं.2 कांचमिल हजीरा व करन गोविल निवासी न्यू कॉलोनी नं.1 हजीरा को संबंधित पुलिस थाने में उपस्थित होकर 50-50 हजार रूपये के बंध पत्र भरने के आदेश दिये गये है। साथ ही मोनू बाल्मीकि व मोनू खां को एक वर्ष तक और बंध पत्र भरने वाले अन्य अपराधियों को 6 माह तक संबंधित पुलिस थाने में हर माह की पहली तारीख को हाजिर होना होगा। जिला बदर किए गए और बंध पत्र भरने के लिये ताकीद किए गए इन सभी आदतन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस

| साइज फिक्स | रूपये |
| --- | --- |
| 8x4 cm | 1120 |
| 10x4 cm | 1400 |
| 12x4 cm | 1680 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन

| साइज फिक्स | रूपये |
| --- | --- |
| 8x4 cm | 1050 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478